गुरुवार, 4 जून 2026

**मौसम**

तापमान 29 – 36
आर्द्रता 76%
सूर्योदय: 04:51 सूर्यास्त: 18:18

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, आषाढ़ कृष्णपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये



ग्रीष्म ऋतु में खान पान
पृष्ठ 6

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : रिश्ता निभाना ताले से सीखिये वो टूट जाता है पर चाबी नहीं बदलता।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# 'अन्नपूर्णा योजना' का शुभारंभ, 25.28 लाख महिलाओं के खातों में पहुंची पहली किस्त

## पात्र सभी महिलाओं को मिलेगा लाभ, तीन महीने तक चलेगा पंजीकरण अभियान : मुख्यमंत्री




### डीबीटी के माध्यम से सीधे खातों में भेजी जा रही राशि

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार ने बुधवार को राज्य की महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण के उद्देश्य से बहुप्रतीक्षित 'अन्नपूर्णा योजना' का औपचारिक शुभारंभ कर दिया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य की महिलाओं को नमन करते हुए योजना की शुरुआत की और कहा कि सरकार चरणबद्ध तरीके से सभी पात्र लाभार्थियों तक इस योजना का लाभ पहुंचाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार के सहयोग तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों, जिला प्रशासन, बीडीओ, आशा और आईसीडीएस कर्मियों सहित सभी स्तरों के कर्मचारियों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि सीमित समय में व्यापक तैयारी के बाद इस योजना को लागू किया जा सका है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार पहले ही राज्य परिवहन निगमों की बसों में महिलाओं के लिए शून्य मूल्य टिकट व्यवस्था लागू कर चुकी है, जिसे व्यापक जनसमर्थन मिला है।

इसके साथ ही सरकार ने नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधे संवाद के लिए नई हेल्प लाइन नंबर 8282082820 व ईमेल रिरुलि.सीं.ळप भी शुरू की है, ताकि लोगों को बिना किसी बिचौलिए के सरकारी सेवाओं का लाभ मिल सके। हेल्प लाइन नंबर पर सोम से शनिवार सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्ककिया जा सकेगा।

**सत्यापन के बाद मिलेगा लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि अन्नपूर्णा योजना के लिए नए आवेदन और सत्यापन प्रक्रिया शुरू की गई है। उनके अनुसार, हालिया जांच में यह पाया गया कि अनेक ऐसे नाम विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में शामिल थे, जिनकी पात्रता को लेकर प्रश्नचिह्न था। इसी कारण लाभार्थियों की पहचान और दस्तावेजों के सत्यापन की प्रक्रिया को अनिवार्य बनाया गया है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन लोगों के मामले कानूनी या प्रशासनिक प्रक्रिया में लंबित हैं, अथवा जो नागरिकता संबंधी वैध प्रक्रियाओं के तहत आवेदन कर चुके हैं, उन्हें इस श्रेणी में नहीं रखा जाएगा। सरकार का उद्देश्य केवल पात्र भारतीय नागरिकों तक ही सरकारी सहायता पहुंचाना है।

**घर-घर पहुंचेंगे सहायता कर्मी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो महिलाएं स्वयं आवेदन केंद्र तक नहीं पहुंच सकतीं या ऑनलाइन आवेदन करने में सक्षम नहीं हैं, उनके लिए सरकार सहायता कर्मियों को घर तक भेजेगी। आवेदन भरने और जमा कराने में प्रशासनिक मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

सरकार ने पंजीकरण अभियान को अगले तीन महीनों तक जारी रखने का निर्णय लिया है। जैसे-जैसे आवेदन प्राप्त होंगे और सत्यापन पूरा होगा, पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे धनराशि भेजी जाएगी।

**25 लाख से अधिक महिलाओं को पहली किस्त**

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि प्रशासन ने पिछले तीन दिनों में व्यापक अभियान चलाकर 25,28,769 महिलाओं का पंजीकरण और सत्यापन पूरा किया है। इन लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से पहली किस्त के रूप में 3,000 रुपये की राशि भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग समय-समय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सत्यापित लाभार्थियों की संख्या और भुगतान संबंधी जानकारी जनता के सामने रखेंगे, जिससे पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे।

**आयुष्मान भारत से भी जोड़ा जाएगा**

मुख्यमंत्री ने बताया कि जिस प्रकार अन्नपूर्णा योजना के लाभार्थियों का पंजीकरण किया जा रहा है, उसी प्रकार स्वास्थ्य क्षेत्र में भी लाभार्थियों को चरणबद्ध तरीके से आयुष्मान भारत पोर्टल से जोड़ा जाएगा, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी सीधे पात्र लोगों तक पहुंच सके।

अपने संबोधन के अंत में मुख्यमंत्री ने पश्चिम बंगाल की महिलाओं को राज्य की शक्ति बताते हुए उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि रानी रासमणि, स्वामी विवेकानंद की परंपरा और महिला शक्ति की प्रेरणा से ही यह योजना शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने महिलाओं के सम्मान और सशक्तीकरण को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक बताया और औपचारिक रूप से अन्नपूर्णा योजना के शुभारंभ की घोषणा की।

## लाखों माताओं-बहनों को मिलेगा लाभ : मंत्री अग्निमित्रा पॉल

मंत्री अग्निमित्रा पॉल ने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य की लाखों माताओं और बहनों की आर्थिक सहायता को ध्यान में रखकर इस योजना को लागू किया गया है। अग्निमित्रा पॉल ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल माताओं और बहनों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य में समाज के अन्य जरूरतमंद वर्गों के लिए भी नई योजनाएं लाने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योजना के पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए आवेदन प्रपत्रों की व्यवस्था विभिन्न सरकारी कार्यालयों के माध्यम से की गई है। मंत्री के अनुसार, अन्नपूर्णा योजना के आवेदन पत्र ब्लॉक कार्यालयों, एसडीओ कार्यालयों, विधायक कार्यालयों तथा अन्य प्रशासनिक केंद्रों पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसके साथ ही अब आवेदन पत्र ऑनलाइन भी उपलब्ध होंगे, जिन्हें लाभार्थी डाउनलोड कर आवश्यक जानकारी भरकर जमा कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो पात्र व्यक्ति अभी तक योजना का लाभ नहीं ले पाए हैं, वे आवेदन प्रक्रिया में शामिल होकर इसका लाभ उठाएं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार यह सुनिश्चित करना चाहती है कि प्रत्येक पात्र महिला और जरूरतमंद नागरिक तक सरकारी सहायता पहुंचे।

# टीएमसी में बड़ी टूट : 58 बागी विधायकों ने रिताब्रता को चुना नेता विपक्ष, विधानसभा अध्यक्ष ने दी मान्यता



**हम सरकार की उन नीतियों का विरोध करेंगे जो हमें सही नहीं लगेंगी : रिताब्रता बनर्जी**



### ममता बनर्जी को मुख्य सलाहकार पद का प्रस्ताव

### बागी विधायकों ने खुद को 'असली' तृणमूल कांग्रेस किया घोषित

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के 28 साल के इतिहास में बुधवार को पहली बार विभाजन हुआ, जब 58 बागी विधायकों ने पार्टी के विधायक दल पर नियंत्रण कर लिया और निष्कासित विधायक रिताब्रता बनर्जी को अपना नेता चुना तथा विधानसभा अध्यक्ष से मान्यता प्राप्त कर ली। हालांकि, रिताब्रता बनर्जी ने पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी से नवगठित विधायक दल के मुख्य सलाहकार के रूप में कार्य करने का आग्रह किया। वहीं, असंतुष्ट विधायकों ने विधानसभा में खुद को 'असली' तृणमूल कांग्रेस घोषित कर दिया।

विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात के बाद, रिताब्रता बनर्जी ने प्रेसवार्ता में दावा किया कि बागी गुट को तृणमूल कांग्रेस के 80 विधायकों में दो-तिहाई का समर्थन प्राप्त है और उसने विधायक दल का नेतृत्व करने का अपना दावा औपचारिक रूप से पेश किया है। उन्होंने कहा कि हमारा दावा विधानसभा अध्यक्ष ने स्वीकार कर लिया। संख्याबल के आधार पर वैधता का दावा करते हुए, उन्होंने कहा कि असंतुष्ट गुट अब सदन में वास्तविक विपक्ष का प्रतिनिधित्व करता है। रिताब्रता बनर्जी ने कहा कि तृणमूल विधायक दल 58 विधायकों की टीम है, जिन्होंने तृणमूल के चुनाव चिह्न पर चुनाव जीता है। उन्होंने कहा कि दो और विधायक है जो वर्तमान में राज्य से बाहर हैं तथा उन्होंने अपने समर्थन का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि दोनों के जल्द ही औपचारिक रूप से इस खेमे में शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष ने विधानमंडल दल की नयी संरचना को स्वीकार कर लिया है। बागी गुट ने विधायक दल के लिए एक नयी नेतृत्व संरचना भी पेश की। रिताब्रता बनर्जी ने कहा कि अखरुज्जमां को मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है, जबकि वरिष्ठ विधायक जावेद अहमद खान, संदीपन साहा, सबीना यास्मीन और शिउली साहा उप-नेता होंगे। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों की सूचना देने संबंधी पत्र विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा में हम बहुमत में हैं। संसदीय मानदंडों के अनुसार, विधानसभा में हम ही वास्तविक और मुख्य विपक्ष हैं। उन्होंने कहा कि हम ममता बनर्जी से अनुरोध करते हैं कि वह तृणमूल कांग्रेस विधायक दल की मुख्य सलाहकार की भूमिका निभाएं।

रिताब्रता बनर्जी ने कहा कि बागी खेमा रचनात्मक विपक्ष के रूप में काम करेगा। उन्होंने कहा कि हम सरकार की उन नीतियों का विरोध करेंगे जो हमें सही नहीं लगेंगी। लेकिन हम सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध नहीं करेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने (मुख्यमंत्री ने) विपक्षी विधायकों को आज सुबह राज्य सचिवालय 'नवान्न' में आयोजित प्रशासनिक बैठक में आमंत्रित किया था। उन्होंने बताया कि कोलकाता, हावड़ा और उत्तर 24 परगना के बागी विधायकों ने बैठक में भाग लिया। उन्होंने कहा कि हम एक जिम्मेदार और रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएंगे। जरूरत पड़ने पर हम सरकार का डटकर मुकाबला करेंगे, लेकिन सरकार द्वारा उठाए गए सकारात्मक कदम की सराहना भी करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं बॉस नहीं हूं। मैं धौंस जमाने में विश्वास नहीं करता। मैं 'हम' में विश्वास करता हूं। सभी निर्णय चर्चा के माध्यम से लिए जाएंगे।

**मोदी सरकार ने लिए ताबड़तोड़ फैसले, 6 प्रोजेक्टों को हरी झंडी, 39,290 करोड़ होंगे खर्च : पृष्ठ 8**

## ईरान कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता: अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर

**मुंबई :** भारत में नियुक्त अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने बुधवार को कहा कहा कि ईरान कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता तथा पश्चिम एशिया में संघर्ष को समाप्त करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच राजनयिक और सैन्य गतिरोध बना हुआ है। महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय समुद्री परिवहन मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने के लिए ईरान पर प्रहार करते हुए, गोर ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी व्यक्ति को दुनिया को बंधक बनाने की अनुमति नहीं देंगे। मुंबई में 'सिटीज 2026 इंडिया कॉन्फ्रेंस' के एक कार्यक्रम में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए राजदूत ने कहा कि तीन महीने से अधिक समय पहले अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर हमले शुरू करने के बाद, इस्लामी गणराज्य ने अपने पड़ोसियों और कतर, सऊदी अरब और ओमान जैसे खाड़ी देशों पर हमले किये। ईरान ने अजरबैजान और तुर्की पर भी हमला किया और उन्होंने कहा कि यह सब ''बेहद गैरजिम्मेदाराना कदम'' था। गोर ने कहा कि ईरान ने रॉकेट दागे हैं और सोचिए अगर वे परमाणु हथियार होते तो क्या परिणाम होता। उन्होंने कहा कि ईरान के पास कोई परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए। ईरान का परमाणु कार्यक्रम मौजूदा संघर्ष को समाप्त करने के लिए जारी बातचीत में एक महत्वपूर्ण बाधा बना हुआ है। गोर ने कहा, ''राष्ट्रपति (ट्रंप) किसी को भी दुनिया को बंधक बनाने नहीं देंगे। देर-सवेर, वहां कुछ न कुछ होगा, लेकिन यह ईरानी शासन की गैरजिम्मेदारी है, यह ऐसी चीज नहीं है जिसे यह राष्ट्रपति जारी रहने देंगे।''

## बंधुआ मजदूरी से बनी वस्तुओं के आयात पर भारत समेत 54 देशों पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क का प्रस्ताव

**वाशिंगटन :** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने बंधुआ मजदूरी से निर्मित वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लागू न करने के आरोप में भारत सहित 54 देशों पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। यह प्रस्ताव उन जांच के बाद सामने आया है, जो अमेरिका ने 60 देशों के खिलाफ इस आधार पर शुरू की थीं कि वे बंधुआ मजदूरी से बनी वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध लगाने और उसे प्रभावी ढंग से लागू करने में असफल रहे हैं। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीएस) जैमीसन ग्रीर ने एक बयान में कहा, ''हमारे सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदारों द्वारा बंधुआ मजदूरी से निर्मित वस्तुओं के आयात पर रोक लगाने में विफल रहना अस्वीकार्य है। इससे ऐसी स्थिति पैदा होती है, जिसमें अमेरिकी श्रमिकों को वैश्विक स्तर पर असमान प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है।'' उन्होंने कहा, ''हम अब इस असमानता को बर्दाश्त नहीं करेंगे।'' भारत ने बंधुआ मजदूरी संबंधी आरोपों को खारिज करते हुए अमेरिका से इन जांचों को समाप्त करने की मांग की है। भारत का कहना है कि ऐसे मुद्दों का समाधान दोनों देशों के बीच चल रही व्यापार वार्ताओं के ढांचे के भीतर किया जाना चाहिए। ग्रीर ने कहा कि कुछ व्यापारिक साझेदारों ने बंधुआ मजदूरी से बनी वस्तुओं के आयात को रोकने के लिए शुरुआती कदम उठाए हैं। इनमें अमेरिका, मेक्सिको-कनाडा के बीच समझौते (यूएसएमसीए) और पारस्परिक व्यापार समझौतों के तहत जतायी गयी प्रतिबद्धताएं शामिल हैं।

## कुवैत हवाई अड्डे पर हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत

**दुबई :** कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई जबकि कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कुवैत स्थित भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि वह जाने गंवाने वाले व्यक्ति के शोकसंतप्त परिवार के साथ ही घटना में घायल हुए लोगों को हरसंभव सहायता और समर्थन प्रदान करने के लिए कुवैती प्रशासन के साथ तालमेल कर रहा है। इसने कहा, ''कुवैत हवाई अड्डे पर आज हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की दुखद मृत्यु पर कुवैत स्थित भारतीय दूतावास गहरा शोक व्यक्त करता है।'' इस मौत के साथ ही 28 फरवरी को ईरान और अमेरिका के बीच शुरू हुई लड़ाई के बाद से मरने वाले भारतीयों की कुल संख्या कम से कम 10 हो गई है। आज का हमला अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच हुआ है।

**भारत ने कुवैत में हवाई अड्डे पर हुए हमले की निंदा की**

**नयी दिल्ली :** भारत ने कुवैत में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले की बुधवार को निंदा की और इस तरह की हिंसा को समाप्त करने का एक बार फिर आह्वान किया। इस हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गये। भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि नागरिक आबादी और बुनियादी ढांचे को निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''हम आज कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं, जिसमें एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई और हमारे कई नागरिक घायल हो गये।''

# दिल्ली के होटल में आग: विदेशी नागरिकों समेत 21 की मौत

**नयी दिल्ली :** दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके की एक तंग गली में बिना अग्नि अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के चल रहे एक होटल में बुधवार को भीषण आग लग गई, जिसमें कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। इनमें वे 11 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं, जिनके रिश्तेदारों का पास के अस्पतालों में इलाज जारी है। मालवीय नगर के हौज रानी स्थित 'फ्लोरिश स्टे बी एंड बी' में सुबह करीब 8:30 बजे आग लगी और देखते ही देखते पूरी इमारत में फैल गई, जिससे लोग स्तब्ध रह गए। कई स्थानीय लोगों सहित बचावकर्मी पांच मंजिला संकरी इमारत में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए मौके पर पहुंचे। घटना के समय कई लोग तो सो रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि इमारत में प्रवेश और निकास का केवल एक ही द्वार था, खिड़कियां स्थायी रूप से सील थीं और मुख्य द्वार सेंसर से संचालित होता था। इन सभी कारकों से मिलकर इमारत एक तरह से मौत का जाल बन गई थी। अधिकारियों ने बताया कि



कम से कम 58 लोगों को होटल से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां 21 लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में 10 भारतीय शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस अग्निकांड में मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है, क्योंकि कई घायल गंभीर हालत में हैं। यह हाल के वर्षों में शहर की आग लगने की सबसे भीषण घटनाओं में से एक है। मृतकों में अधिकांश मध्य एशियाई और अफ्रीकी देशों के हैं। उनके परिजनों का इलाज चंद दूरी पर स्थित मैक्स अस्पताल में किया जा रहा था, जिस वजह से वे होटल में ठहरे हुए थे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली सरकार की 'बेड एंड ब्रेकफास्ट' नीति के तहत होटल को केवल छह कमरों की अनुमति थी, लेकिन वह 25 कमरे का उपयोग कर रहा था। तहखाने में भी कमरे बनाए गए थे। इमारत के भूतल पर एक रेस्तरां था, जबकि तहखाने और ऊपरी मंजिलों का उपयोग होटल के रूप में किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि छह-सात साल पहले तक इमारत में केवल भूतल के अलावा एक और मंजिल थी। बाद में बिना अधिकारियों को सूचित किए अतिरिक्त मंजिलें बना दी गईं। इसके अलावा, इमारत का पूरा नक्शा भी जमा नहीं किया गया था। उन्होंने बताया कि इमारत की ऊंचाई कथित तौर पर 15 मीटर से अधिक है, जिसके कारण अग्नि सुरक्षा संबंधी मंजूरी अनिवार्य है।



## जम्मू-कश्मीर में सामूहिक प्रयास मददगार

निस्संदेह, नशे का निरंतर फैलता काला कारोबार एक राष्ट्रीय संकट है। देश के विभिन्न भागों में करोड़ों-अरबों रुपये मूल्य के विदेशों से आने वाले नशीले पदार्थों की बरामदगी भयावह संकट की तसवीर उकेरती है। संगठित विदेशी अपराधियों की साजिशों और देश में फैले नशा तस्करों का गठजोड़, इस नशीले जहर के कारोबार को चला रहा है। आज जरूरत इस बात की है कि देश की तमाम खुफिया एजेंसियां व राज्य के विशेष पुलिस बल योजनाबद्ध ढंग से नशा कारोबारियों की कमर तोड़ें। लेकिन फिर भी कई राज्यों द्वारा चलाये जा रहे नशा विरोधी अभियान बिगड़ते हालात सुधारने में किसी हद तक मददगार साबित हो सकते हैं। पिछले दिनों पंजाब में भी ऐसा अभियान चलाया गया। अब सीमावर्ती जम्मू-कश्मीर में वर्षों से गहराते नशे के संकट के खिलाफ अभियान शुरू किया जा रहा है। सवाल यह है कि राज्य में नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई शुरू करने में इतना वक्त क्यों लगा? अब भले ही देर से ही सही, यह पहल शुरू करना वक्त की जरूरत है। नशे के नश्तर से हमारी युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है और कई घरों के चिराग असमय बुझ रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, बीस जिलों का दौरा करके सौ दिवसीय नशा मुक्त जम्मू-कश्मीर मार्च का नेतृत्व कर रहे हैं। वहीं इस अभियान का सुखद पहलू यह है कि दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में, इस कोशिश को प्रतिबंधित संगठन जमाते-ए-इस्लामी के एक गुट का भी समर्थन मिला है। कहना कठिन है कि इस समर्थन का हकीकत में असर कितना होगा। लेकिन इस घोषणा ने सकारात्मक संदेश जरूर दिया है कि समाज के विभिन्न वर्गों के सामूहिक प्रयासों से ही इस भयावह होते संकट का मुकाबला किया जा सकता है। सही मायने में समाज में व्याप्त तमाम वैचारिक मतभेदों को दरकिनार करते हुए, सामूहिक व निरंतर प्रयासों से ही नशा मुक्ति की लड़ाई को अंजाम तक पहुंचाया जा सकता है।

वास्तव में नशा विरोधी अभियान के मार्ग में बाधा पैदा करने वाली जटिलताओं के मुकाबले के लिये कुछ दिन, कुछ माह के अभियान के बजाय साल में 365 दिन चलने वाली रणनीति अपनाने की जरूरत है। कभी-कभार चलाए जाने वाले अभियान इसके लक्ष्य को पाने में ज्यादा मददगार साबित नहीं हो सकते। इस संकट के समाधान के लिये नशे की लत के सामाजिक पहलुओं की भी व्यापक पड़ताल जरूरी है। कारगर समाधान हेतु सामाजिक स्तर पर रणनीति बनाने की जरूरत होती है। निस्संदेह, नशे की लत के तमाम कारण हमारे समाज में विद्यमान हैं। जिनके निराकरण की दिशा में भी कदम उठाने की जरूरत है। मसलन इस व्यसन के मूल में समाज में व्याप्त बेरोजगारी, निराशा, सामाजिक व आर्थिक असमानताएं, बुरी संगत का असर तथा मादक पदार्थों की समाज में आसान उपलब्धता आदि कारक निहित हैं। चिंताजनक है कि नशा अब स्कूल-कालेजों तक को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। कई राज्यों में नशे की आपूर्ति में बच्चों को इस्तेमाल करने के चिंताजनक उदाहरण सामने आए हैं। वहीं यदि नशा मुक्ति के लिये चलाये जा रहे पुनर्वास कार्यक्रमों में शिथिलता अपनायी जाती है तो सख्ती से हासिल होने वाली उपलब्धियां व्यर्थ हो जाती हैं। यह सत्य है कि नशा एक ऐसा रोग है, जिसका कोई आसान इलाज उपलब्ध नहीं है। जहां एक ओर नशीले पदार्थों की आपूर्ति पर अंकुश लगाना जरूरी है, तो दूसरी ओर इसकी तलब को काबू करने के लिये भी प्रयास जरूरी हैं। दुर्भाग्यपूर्ण है कि नशे की डोज जुटाने के लिये कुछ छात्र व युवा अपराध की राहों में फिसल जाते हैं। इसलिये जरूरी हो जाता है कि नियमित रूप से नशा तस्करों और ड्रग पेडलरों की गिरफ्तारी करके तुरंत सजा दी जाए। वहीं दूसरी ओर नशे की खरीद-फरोख्त में संलिप्तता पर ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने, पासपोर्ट निरस्त करने से भी जहरीले कारोबार पर अंकुश लगाने में मदद मिल सकती है। साथ ही सीमावर्ती संवेदनशील राज्यों में, जहां सीमा पार से नशे की तस्करी आतंकवाद को जिंदा रखने के लिये की जा रही है, वहां अतिरिक्त सावधानी की भी जरूरत है। नशा तस्करों की गिरफ्तारी के तुरंत बाद सजा देना, इस अभियान में मददगार साबित होगा।

# अपराधियों के खिलाफ 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति जारी रहेगी : योगी



**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि राज्य में अपराध और अपराधियों के खिलाफ उनकी सरकार की 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति जारी रहेगी। योगी ने आगाह किया कि जो लोग गरीबों को उनके अधिकारों से वंचित करने, व्यापारियों को डराने-धमकाने या महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश करेंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले 'फ्लैटेड फैक्टरी कॉम्प्लेक्स' का उद्घाटन करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा ही विकास और औद्योगिक प्रगति की नींव है। योगी ने किसी का नाम लिए बगैर कहा कि जो लोग कानून की भाषा नहीं समझते, उनसे उसी भाषा में निपटा जाएगा, जो वे समझते हैं। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ राज्य की 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति बिना किसी अपवाद के जारी रहेगी। योगी ने गीडा में लगभग 208 करोड़ रुपये की 71 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

### जमीन से जुड़े मामलों के निपटारे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अधिकारियों को जमीन से जुड़ी शिकायतों के निपटारे में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राज्य सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, योगी ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन बुधवार सुबह गोरक्षनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। अधिकारियों ने बताया कि कुछ लोगों ने जमीन से जुड़े मामलों में राजस्व कर्मियों की तरफ से लापरवाही बरते जाने की शिकायत की, जिसके बाद मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी से कहा कि जमीन संबंधी शिकायतों के निपटारे में किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## वाराणसी में रेलवे स्टेशन परिसर में बनी मजार और मस्जिद पर चला बुलडोजर



**वाराणसी (उप्र) :** वाराणसी में जिला प्रशासन ने काशी रेलवे स्टेशन परिसर के अंदर स्थित एक मजार और एक मस्जिद की इमारत को ध्वस्त करा दिया। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि यह कार्रवाई जमीन के मालिकाना हक को लेकर चल रहे एक विवाद में अदालत के आदेश के बाद मंगलवार की रात को की गई। अधिकारियों का दावा था कि यह जमीन रेलवे की है। मुस्लिम पक्ष के सदस्यों ने आरोप लगाया कि यह मस्जिद कई सौ साल पुरानी थी और अजगैब शहीद के नाम से जानी जाने वाली यह मजार भी इस जगह पर लंबे समय से मौजूद थी। हालांकि, प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि यह जमीन रेलवे की पुरानी संपत्ति का हिस्सा थी और पिछले कुछ सालों में इस पर कब्जा कर लिया गया था। अधिकारियों के मुताबिक यह मामला साल 2024 में शुरू किए गए 'काशी मॉडल रेलवे स्टेशन' प्रोजेक्ट के तहत कराये गये जमीन के सर्वे के दौरान सामने आया। एक अधिकारी ने बताया कि जमीन के रिकॉर्ड की पैमाइश और जांच के दौरान यह मजार और मस्जिद रेलवे की जमीन पर बनी होने की बात सामने आने पर संबंधित लोगों को कब्जा हटाने का नोटिस जारी किया गया था लेकिन जमीन खाली नहीं किए जाने पर मामला अदालत में पहुंचा था। अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में अदालत ने धार्मिक स्थल पर दावा जता रहे पक्ष के खिलाफ फैसला सुनाया। उन्होंने बताया कि अदालत के फैसले के बाद रेलवे ने एक नोटिस जारी करके वहां रहने वालों को इमारतें हटाने का निर्देश दिया, लेकिन आदेश का पालन नहीं किये जाने पर प्रशासन ने मंगलवार रात को इमारतों को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी।

### विधान परिषद चुनाव: महायुति ने बागी उम्मीदवारों से नाम वापस लेने की अपील की

**मुंबई :** महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में बगावत और सीट बंटवारे को लेकर बढ़ते तनाव के बीच सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के घटक दलों ने बुधवार को बागी उम्मीदवारों से नामांकन वापस लेने की अपील की ताकि आधिकारिक प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित की जा सके। विपक्षी महाविकास आघाड़ी (एमवीए) को भी अपने अधिकृत उम्मीदवारों की नाम वापसी और नामांकन रद्द होने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय स्वशासी निकायों से संबंधित 16 विधान परिषद सीटों तथा नागपुर स्थानीय निकाय क्षेत्र की एक रिक्त सीट के लिए उपचुनाव 18 जून को होगा। मतगणना 22 जून को की जाएगी। नामांकन पत्रों की जांच दो जून को पूरी हो चुकी है, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि चार जून है। इन चुनावों में स्थानीय स्वशासी निकायों के निर्वाचित सदस्य निर्वाचक मंडल (इलेक्टोरल कॉलेज) का हिस्सा होते हैं। महायुति में भारतीय जनता पार्टी 11 सीटों पर, शिवसेना चार सीटों पर और उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है। वहीं एमवीए में कांग्रेस आठ सीटों पर, शिवसेना (उबाठा) छह सीटों पर और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) ने तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

## मधुबनी में पानी से भरे गड्ढे में डूबे परिवार के पांच बच्चे, मौत



**मधुबनी :** बिहार के मधुबनी जिले में बुधवार को पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक ही परिवार के पांच बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बेनीपट्टी अनुमंडल के पतौना थाना क्षेत्र के केरवार गांव में हुई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान अभिषेक (14), प्रशांत (12), सलोनी (10), रिंकू (10) और स्नेहा (9) के रूप में हुई है, जो रिश्ते में एक-दूसरे के भाई-बहन लगते थे। बेनीपट्टी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) अमित कुमार ने बताया कि शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। वहीं, बेनीपट्टी के अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) शारंग पानी पांडेय ने बताया कि पांच बच्चों की डूबने से मौत हो गई।

## बिहार को इस महीने 200 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी




**पटना :** बिहार सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा (द्वितीय चरण) के तहत 200 इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन जून माह से शुरू किया जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल ने छह मई को प्रधानमंत्री ई-बस सेवा (द्वितीय चरण) के तहत 400 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों के परिचालन के लिए 517.16 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी थी। परिवहन विभाग के सचिव राजकुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री ई-बस सेवा (द्वितीय चरण) के तहत पटना, मुजफ्फरपुर, गयाजी, भागलपुर, दरभंगा और पूर्णिया समेत छह शहरों में कुल 400 इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 200 इलेक्ट्रिक बसों का परिचालन इसी माह से शुरू होगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार छह प्रमुख शहरों में महिला यात्रियों के लिए 100 'पिंक बसों' का परिचालन कर रही है। इन बसों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस ट्रैकिंग और आपात बटन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। राजकुमार ने कहा कि इन बसों के संचालन के लिए 100 महिला चालकों को प्रशिक्षित करने की योजना है। पहले चरण में 22 महिला चालकों को प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा बड़ी संख्या में महिला परिचालकों को भी प्रशिक्षित किया गया है। विभाग की ओर से जारी बयान के अनुसार, सरकार सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत 31 आधुनिक बस टर्मिनल का विकास करेगी। साथ ही पहले चरण में 200 स्थानों पर 'इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम' (आईटीएमएस) नामक उन्नत प्रणाली लागू की जाएगी। इस प्रणाली का विस्तार 500 स्थानों तक किया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश के 18 शहरों में जीसीसी मॉडल के तहत 1725 एसी इलेक्ट्रिक बसों का होगा संचालन

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के 18 शहरों में सकल लागत अनुबंध (जीसीसी) मॉडल के तहत 1725 वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों के संचालन किया जाएगा। इससे संबंधित प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार शाम को मंत्रिमंडल की हुई बैठक में मुहर लगाई गई। इस महत्वाकांक्षी योजना का उद्देश्य नगरीय परिवहन व्यवस्था को आधुनिक, सुरक्षित, पर्यावरण अनुकूल और यात्री सुविधाओं के अनुरूप बनाना है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक योजना के तहत आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, बरेली, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गोरखपुर, झांसी, कानपुर, लखनऊ, मथुरा-वृंदावन, मेरठ, मुरादाबाद, प्रयागराज, शाहजहांपुर, सहारनपुर, वाराणसी तथा नोएडा (जेवर सहित) में 9 मीटर और 12 मीटर श्रेणी की कुल 1725 वातुनकूलित (एसी) इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा। इन बसों का संचालन निजी संचालकों द्वारा जीसीसी मॉडल पर किया जाएगा और अनुबंध की अवधि वाणिज्यिक संचालन तिथि से 12 वर्ष होगी। मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की विस्तृत जानकारी देते हुए वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कुल 24 प्रस्तावों को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है। उन्होंने बताया कि जीसीसी मॉडल के अंतर्गत बसों की खरीद, चार्जिंग अवसरंचना की स्थापना, चालक एवं तकनीकी कर्मियों की उपलब्धता, बसों का संचालन और अनुरक्षण की पूरी जिम्मेदारी निजी संचालकों की होगी।

### नितिन नवीन के दो दिवसीय दौरे से पहले भाजपा की झारखंड इकाई ने उच्च स्तरीय बैठक की

**रांची :** झारखंड में भाजपा नेताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की दो दिवसीय यात्रा की तैयारियों की बुधवार को समीक्षा की। पार्टी प्रमुख की इस यात्रा के दौरान कई संगठनात्मक बैठकें और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। नवीन छह और सात जून को झारखंड का दौरा करेंगे। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद राज्य की उनकी यह पहली यात्रा होगी। रांची स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदित्य साहू की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय बैठक में इस यात्रा से जुड़ी तैयारियों पर चर्चा की गई। भाजपा के राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने कहा, उनकी यात्रा से पार्टी को नयी ऊर्जा और गति मिलेगी। कार्यकर्ता नये उत्साह और जोश के साथ अपनी सामाजिक और राजनीतिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। पार्टी नेताओं के अनुसार, नवीन के यात्रा कार्यक्रम में भाजपा सांसदों और विधायकों के साथ बैठकें, कोर कमेटी के सदस्यों के साथ चर्चा तथा जिला अध्यक्षों और जिला प्रभारियों के साथ एक सम्मेलन शामिल है।

## राजस्थान में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी

**जयपुर :** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राजस्थान में आंधी और बारिश का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहा। हालांकि, राज्य के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी। विभाग के मुताबिक, पूर्वी राजस्थान के कुछ इलाकों में पिछले 24 घंटों में हल्की बारिश दर्ज की गई, जबकि पश्चिमी राजस्थान के कई हिस्सों में धूल भरी आंधी चली और हल्की वर्षा हुई। विभाग ने बताया कि इस अवधि में जैसलमेर के रामगढ़ में सर्वाधिक 15 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। विभाग के अनुसार, अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से 1-3 डिग्री सेल्सियस कम रहा। उसने बताया कि बुधवार को जैसलमेर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां अधिकतम तापमान 43.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, बीकानेर में अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री, श्रीगंगानगर में 43.3 डिग्री, फलौदी में 42.8 डिग्री और बाड़मेर व जोधपुर में 42-42 डिग्री सेल्सियस रहा। विभाग ने बताया कि चूरू में पारा 41.7 डिग्री, पिलानी में 41.2 डिग्री, कोटा में 40.6 डिग्री, चित्तौड़गढ़ में 40.2 डिग्री, सीकर में 40 डिग्री और जयपुर में 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## बिहार में 11 मेगा औद्योगिक पार्क और सभी 38 जिलों में फूड पार्क बनाए जाएं : सम्राट चौधरी



**पटना :** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने औद्योगिक विकास को गति देने और रोजगार सृजन में मदद के लिए अधिकारियों को राज्य में 11 मेगा औद्योगिक पार्क और सभी 38 जिलों में फूड पार्क विकसित करने का बुधवार को निर्देश दिया। सम्राट ने बिहार को निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए 50 हजार एकड़ का 'लैंड बैंक' तैयार करने को भी कहा। पटना स्थित 'संकल्प सभागार' में उद्योग विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में सम्राट ने कहा कि बिहार औद्योगिक विकास के जरिये ही समृद्धि के रास्ते पर आगे बढ़ेगा और उसकी तस्वीर बदली जा सकेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य उद्योग, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में बिहार को नयी ऊंचाई तक पहुंचाना है। बैठक में उद्योग विभाग के अधिकारियों ने राज्य में औद्योगिक विकास, निवेशकों को आकर्षित करने और रोजगार सृजन के लिए संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति रिपोर्ट पेश की। मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, सम्राट ने अधिकारियों से कहा कि औद्योगिक परियोजनाओं के लिए जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और 50 हजार एकड़ का 'लैंड बैंक' विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि बिहार में संसाधनों की कमी नहीं है और निवेशकों को उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### बिहार में अब चार लाख रुपये तक की सालाना आय वाले लोगों को भी मुफ्त इलाज

बिहार में अब चार लाख रुपये तक की सालाना आय वाले लोग भी मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के तहत मुफ्त इलाज हासिल कर सकेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में राज्य के विकास और जनहित से जुड़े 13 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसमें स्वास्थ्य, कौशल विकास, उद्योग, मत्स्य, डेयरी और प्रशासनिक सुधार से संबंधित कई अहम फैसले लिए गए।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 4 जून, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, आषाढ़ कृष्णपक्ष चतुर्थी, 23:29 तक, नक्षत्र : उत्तराषाढ़ा, 27:32 तक, योग : शुक्ला, 08:53 तक, सूर्योदय: 04:51, सूर्यास्त: 18:18, चन्द्रोदय : 22:17, चन्द्रास्त: 08:29, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : धनु, राहू काल : 13:51 से 15:31

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपको सिखाएगा कि रिश्तों को संभालने में शब्दों की ताकत कितनी बड़ी होती है। आपकी एक मुस्कान और शांत व्यवहार घर के माहौल को पूरी तरह बदल सकता है।

**वृष :** आज आपको अपने पैसों और फैसलों दोनों पर खास नजर रखने की जरूरत है। निवेश करने से पहले हर पहलू को अच्छे से समझ लें, क्योंकि छोटी-सी गलती आगे परेशानी बढ़ा सकती है।

**मिथुन :** आज परिवार और अपनों का साथ आपको मानसिक सुकून देगा। लंबे समय से मन में चल रही कोई इच्छा पूरी हो सकती है, जिससे आपका उत्साह बढ़ेगा।

**कर्क :** आज आपको बेवजह के विवादों और बहस से दूरी बनाकर रखनी होगी। सरकारी कामों में फायदा मिलने के योग हैं, इसलिए जरूरी कागजात और योजनाओं पर ध्यान दें।

**सिंह :** आज आर्थिक मामलों में राहत और खुशी दोनों मिलने के संकेत हैं। व्यापार में लाभ के अवसर बनेंगे और रुका हुआ धन भी वापस मिल सकता है।

**कन्या :** आज आपका मन दूसरों की मदद करने और अच्छे कार्यों में लगेगा। समाज में आपकी छवि मजबूत होगी और लोग आपकी सराहना करेंगे। पढ़ाई में मन लगेगा।

**तुला :** आज आपकी नेतृत्व क्षमता लोगों को प्रभावित करेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता बढ़ेगी और साथी के साथ रिश्ता पहले से ज्यादा मजबूत महसूस होगा। कई लोगों का दिल जीत लेंगे।

**वृश्चिक :** आज धैर्य और समझदारी आपके सबसे बड़े हथियार साबित होंगे। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा, वरना बजट बिगड़ सकता है। शांत मन से फैसले लें।


**धनु :** आज का दिन उत्साह और नई योजनाओं से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ अच्छा तालमेल रहेगा और भविष्य को लेकर महत्वपूर्ण बातचीत हो सकती है।

**मकर :** आज आपको हर कदम सोच-समझकर उठाना होगा। दूसरों के मामलों में ज्यादा दखल देने से बचें। आपके अंदर भरपूर ऊर्जा रहेगी और आप अपने काम तेजी से पूरे करेंगे।

**कुम्भ :** आज भाई-बहनों और करीबी दोस्तों के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। पुराने दोस्तों से मुलाकात पुरानी यादें ताजा कर सकती है। अनजान व्यक्ति की सलाह मानने से बचें।

**मीन :** आज का दिन खुशियों और राहत से भरा रहेगा। परिवार में यदि कुछ समय से तनाव चल रहा था, तो बातचीत के जरिए स्थितियाँ सुधर सकती हैं। सफलता मिलने के संकेत हैं।

## वर्ग पहेली नं. 3459



*बायें से दायें :-* 2) पास ही में, 5) एक आश्चर्यसूचक शब्द, 6) आक्रमक, 8) शक, 9) शर्म, 10) की वजह से, 11) एक नदी, 13) मुख, 15) अप्रशिक्षित; ताज़ा, 17) पुनरागमन, 19) अस्थमा, 21) लगा *(ताला)*, 22) क़ातिल, 23) चंदा वसूल करना, 25) व्यतीत, 26) कीमत, 27) कबूतर, 29) बूट; छोला, 30) रूढ़िवादी.

*ऊपर से नीचे :-* 1) देहान्त, 2) सेहतमंद, 3) मनबहलाव के लिए इधर-उधर घूमना, 4) खोखला, 5) महत्त्वाकांक्षा; लालसा, 7) हड्डी के भीतर का गुदा, 12) छोरा; छोटा बच्चा, 13) आदरपूर्ण तू, 14) उपदेश, 16) स्मृतिचिन्ह; स्मारक, 17) बहस, 18) मुसाफ़िरख़ाना, 20) महीना, 23) पेट, 24) मापना, 28) इनकार; नहीं नहीं कहना.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



*Mob. No. 08329510310*

## सुडोकू-पहेली-3417

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | | | 7 | | | |
| | | | | 3 | 6 | | | |
| | | 3 | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | 7 | | | 3 | | |
| 4 | | | | | | 9 | | |
| 6 | | 8 | | 9 | | | | |
| | | | 4 | | | 6 | | 8 |
| 5 | | | | | 2 | | 3 | |
| 7 | | 1 | | | | 5 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

### सूडोकू पहेली - 3416 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 |
| 7 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 | 4 | 1 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 5 | 3 | 8 |
| 3 | 4 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 6 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 3 | 8 | 4 |
| 4 | 9 | 8 | 6 | 1 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 9 | 6 |

# बांग्ला अभिनेताओं और तकनीशियनों को मतभेद के कारण काम से वंचित नहीं किया जाएगा : पापिया अधिकारी

## टॉलीवुड में फेडरेशन का राज खत्म, भाजपा विधायक ने नए संगठन का किया ऐलान

**कोलकाता, समाज्ञा**

भाजपा विधायक पापिया अधिकारी ने बुधवार को बांग्ला अभिनेताओं और तकनीशियनों को आश्वासन दिया कि किसी को भी विचारों में मतभेदों के कारण काम से वंचित नहीं किया जाएगा। टॉलीगंज स्थित 'टेक्नीशियन स्टूडियो' में विभिन्न गिल्ड के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए राज्य सरकार की ओर से पापिया अधिकारी ने कहा कि फिल्म और टेलीविजन की शूटिंग में कोई बाधा नहीं आनी चाहिए। साथ ही उन्होंने बंगाली फिल्म उद्योग में अधिक पारदर्शी और श्रमिक-अनुकूल वातावरण बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। टॉलीगंज की विधायक ने उद्योग के बड़े पुनर्गठन का भी प्रस्ताव रखा, जिसमें कहा गया कि सभी तकनीशियन और श्रमिकों को 'ईस्टर्न इंडिया मोशन पिक्चर्स कन्फेडरेशन' के अंतर्गत लाया



जाएगा, ताकि 'भ्रष्टाचार मुक्त' व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। पापिया अधिकारी ने दावा किया कि बंगाली फिल्म उद्योग या टॉलीवुड पिछले कुछ वर्षों में तृणमूल कांग्रेस-नीत पूर्ववर्ती सरकार में मंत्री रहे अरूप बिस्वास और उनके भाई स्वरूप बिस्वास के 'नियंत्रण' में आ गया था, जिससे इसके कामकाज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, कई पेशेवरों के लिए अवसर कम हो गए हैं और भाई-भतीजावाद का माहौल पनपा है। पापिया अधिकारी ने कहा कि वह उद्योग में कदाचार के आरोपी व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें हटाने के लिए काम करेंगी।

# ममता बनर्जी अपनी करनी का फल भुगत रहीं : अधीर चौधरी

**मुर्शिदाबाद :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी ने बुधवार को कहा कि टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी 'अपनी करनी का फल भुगत रहीं' हैं। उन्होंने ममता की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में जारी उथल-पुथल की तुलना 2016 विधानसभा चुनावों के बाद पश्चिम बंगाल में कांग्रेस में हुए दलबदल से की, जिसकी वजह से पार्टी कमजोर हो गई थी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के पूर्व प्रमुख ने इस मौके पर 'साधारण टीएमसी कार्यकर्ताओं' से कहा कि उन लोगों के लिए कांग्रेस के दरवाजे खुले हैं, जिन्होंने पूरी श्रद्धा से टीएमसी के लिए काम करते हुए राजनीतिक उत्पीड़न का सामना



किया। चौधरी ने कहा कि इतिहास खुद को दोहराता है। चौधरी ने आरोप लगाया कि 2016 के विधानसभा चुनावों के बाद, जब कांग्रेस मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभरी थी, तब टीएमसी नेताओं ने कांग्रेस नेताओं-कार्यकर्ताओं का दल-बदल कराने के लिए धमकियों और प्रलोभनों का सहारा लिया और विधायी तौर-तरीकों व विधानसभा के नियमों की परवाह किए बिना पार्टी को खत्म करने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि आज, इतिहास के एक अलग मोड़ पर, टीएमसी ताश के पत्तों की तरह ढहने की कगार पर खड़ी है। चौधरी ने ममता पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एक समय राजनीतिक दल-बदल के खेल की अंपायर और रेफरी मानी जाती थीं, लेकिन अब यह भूमिका भाजपा ने ले ली। उन्होंने कहा कि भूमिकाएं बदल गई हैं, लेकिन दल-बदल का खेल जारी है। चौधरी ने कहा कि जो खेल ममता बनर्जी ने शुरू किया और महारत हासिल की, उसमें भाजपा ने उन्हें मात दे दी।

### जैनम ने अपनी विकसित ब्रांड पहचान पेश की

**कोलकाता :** जैनम, एक एंड-टू-एंड फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनी , ने अपनी रूपांतरित ब्रांड पहचान पेश की है। यह पहचान कंपनी के उस विकास को दर्शाती है जिसमें वह ट्रेडर्स और निवेशकों के लिए एक ज़्यादा केंद्रित और जानकारी से भरपूर पार्टनर के रूप में उभरी है। इस मौके पर जैनम के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मिलन पारिख ने कहा, जैनम की यात्रा को दीर्घकालिक संबंधों, बाज़ार की गहरी समझ और निवेशकों एवं ट्रेडर्स को अलग-अलग बाज़ार चक्रों में मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी से आकार मिला है। यह विकास उस दिशा को दर्शाता है जिसमें कंपनी और पूरा निवेशक इकोसिस्टम आगे बढ़ रहा है। भारत में वित्तीय बाज़ारों में भागीदारी लगातार गहरी होती जा रही है, ऐसे में निवेशक फैसला लेते समय ज़्यादा आत्मविश्वास और मज़बूत नज़रिया चाहते हैं।

## भूमिहार एकता मंच पश्चिम बंगाल के भाटपाड़ा जगदल शाखा के नई कार्यकारिणी गठित



**कोलकाता :** भूमिहार एकता मंच पश्चिम बंगाल के भाटपाड़ा जगदल शाखा द्वारा मंच के प्रदेश संयोजक जितेंद्र नाथ राय के अध्यक्षता में आयोजित भाई मिलन के अवसर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। लाल बाबू सिंह को संयोजक, अवधेश राय को अध्यक्ष, राज नारायण राय को प्रधान महासचिव, अमरेश राय को महासचिव, उमेश सिंह एवं वीरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष, धनंजय ओझा एवं धर्मेंद्र सिंह को सचिव, मनोज सिंह को कोषाध्यक्ष, श्याम नंदन राय को उप कोषाध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्य के रूप में राजेश सिंह, नीरज सिंह एव अन्य को चुना गया। जिसकी घोषणा मंच के प्रदेश प्रधान महासचिव रवींद्र कुमार सिंह ने किया। नई कार्यकारिणी के नवनियुक्त पदाधिकारी को शुभकामना प्रेषित करते हुए इसकी सूचना प्रदेश अध्यक्ष त्रिभुवन कुमार मिश्रा ने दिया।

## कोलकाता नगर निगम की मासिक सभा बुलाने की अनुमति, उच्च न्यायालय का निर्देश

**22 मई की सभा के प्रस्तावों का शपथपत्र दाखिल करने का आदेश, 17 जून को अगली सुनवाई**

**कोलकाता :** कोलकाता नगर निगम की सभापति माला राय मासिक सभा बुला सकेंगी। यह सभा नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार आयोजित की जा सकेगी। बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय ने यह महत्वपूर्ण निर्देश दिया।

राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद कोलकाता नगर निगम के कामकाज को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया था। आरोप लगाया गया था कि सभापति द्वारा सभा बुलाए जाने के बावजूद सभा कक्ष नहीं खोला गया। इसी मामले को लेकर न्यायालय में याचिका दायर की गई थी।



मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि सभापति माला राय नगर निगम कानून के अनुसार नियमित मासिक सभा बुला सकती हैं।

न्यायालय ने 22 मई को आयोजित नगर निगम की मासिक सभा में पारित प्रस्तावों की प्रमाणित प्रति शपथपत्र के रूप में न्यायालय में प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया है। यह शपथपत्र 9 जून तक दाखिल करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 17 जून को होगी।

राजनीतिक हलकों में इस आदेश को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य की बदली हुई राजनीतिक परिस्थितियों के बीच नगर निगम के भविष्य को लेकर विभिन्न प्रकार की चर्चाएं चल रही हैं। ऐसे समय में उच्च न्यायालय का यह निर्देश विशेष महत्व रखता है।

## सौरव गांगुली की सुरक्षा घटी, जेड की जगह अब मिलेगी वाई श्रेणी की सुरक्षा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के पूर्व अध्यक्ष और क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (कैब) के मौजूदा अध्यक्ष सौरव गांगुली की सुरक्षा घटा दी गई है। गांगुली को अब 'जेड श्रेणी' की जगह 'वाई श्रेणी' की सुरक्षा मिलेगी। राज्य की नवनियुक्त भाजपा सरकार ने पूर्व भारतीय कप्तान की सुरक्षा को कम करने का फैसला लिया है। राज्य सरकार ने यह फैसला राज्य की सुरक्षा ईकाइयों द्वारा सौरव गांगुली की सुरक्षा का विश्लेषण करने के बाद लिया है। गांगुली की सुरक्षा कम करते हुए वाई श्रेणी की कर दी गई है। राज्य के नए सुरक्षा प्रोटोकॉल के तहत, गांगुली की मौजूदा सुरक्षा विश्-



लेषण के मुताबिक उन्हें 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा की जरूरत नहीं है। इसी वजह से उनकी सुरक्षा को कम करते हुए वाई श्रेणी में तब्दील कर दी गई है। राज्य के अधिकारियों ने साफ किया कि पूर्व कप्तान की सुरक्षा में कमी राज्य भर में वीआईपी सुरक्षा के पुनरीक्षण के बाद लिया गया फैसला है।

**25 साल के अध्ययन में खुलासा,**

## दक्षिण बंगाल और सुंदरबन में बढ़ा वायु प्रदूषण का खतरा

**कोलकाता, समाज्ञा**

25 वर्षों के सैटेलाइट आंकड़ों पर आधारित एक नए अध्ययन में सामने आया है कि दक्षिणी पश्चिम बंगाल और बिहार भारत-गंगा के मैदानी क्षेत्र (आईजीपी) में वायु प्रदूषण के प्रमुख हॉटस्पॉट बन गए हैं। अध्ययन के अनुसार 2020-24 के दौरान पूरे पश्चिम बंगाल में कार्बन एयरोसोल और पीएम प्रदूषण में तेज वृद्धि दर्ज की गई है, जिससे सुंदरबन जैसे संवेदनशील क्षेत्र पर खतरा बढ़ गया है।

कोलकाता स्थित बोस संस्थान के शोधकर्ताओं द्वारा किए गए इस अध्ययन में 2000 से 2024 तक के डेटा का विश्लेषण किया गया, जो अंतरराष्ट्रीय पत्रिका एटमॉस्फेरिक एनवायरनमेंट में प्रकाशित हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार 2010-19के दौरान पीएम प्रदूषण 10 से 40 प्रतिशत तक बढ़ा, जबकि बाद के वर्षों में यह पूरे राज्य में फैल गया। शोधकर्ताओं ने कहा कि प्रदूषण का मुख्य कारण औद्योगिक उत्सर्जन नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में बायोमास और कचरा जलाना है। अध्ययन में सुंदरबन, पूर्वोत्तर भारत और हिमालयी क्षेत्रों को एनसीएपी 2.0 में शामिल करने की सिफारिश की गई है।

# बोलपुर में तृणमूल कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या का आरोप

**बीरभूम :** जिले में एक बार फिर राजनीतिक हिंसा की घटना सामने आई है। बोलपुर थाना अंतर्गत बाहिरी पांचशोया ग्राम पंचायत के बाहिरी पूर्वपाड़ा गांव में एक तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता की पीट-पीटकर हत्या किए जाने का आरोप बदमाशों पर लगा है। मृतक की पहचान हाबल लोहार (48) के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे इलाके में तनाव और सनसनी का माहौल है। स्थानीय लोगों और परिजनों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार की देर रात हथियारों से लैस कुछ लोग हाबल लोहार के घर पहुंचे। परिवार का आरोप है कि हमलावर भाजपा




समर्थक के रूप में जाने जाते हैं। लाठी, लोहे की रॉड और धारदार हथियारों से लैस हमलावरों ने हाबल लोहार पर अचानक हमला कर दिया और उनकी बेरहमी से पिटाई की। परिजनों का दावा है कि हमलावरों की बर्बर मारपीट से हाबल लोहार गंभीर रूप से घायल होकर घटनास्थल पर ही खून से लथपथ होकर गिर पड़े। बाद में उन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सक उन्हें बचा नहीं सके। परिवार का आरोप है कि मारपीट के कारण ही उनकी मौत हुई। घटना की सूचना मिलते ही बोलपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इलाके में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने रेडहेक्स हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड लॉन्च किया

❑ **16 जून तक खुला रहेगा एनएफओ**

**कोलकाता, समाज्ञा :** एचएसबीसी म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए रेडहेक्स हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड नामक एक स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड (एसआईएफ) रणनीति लॉन्च की है। यह फंड नियमित आय और पूंजी वृद्धि के साथ जोखिम-समायोजित रिटर्न प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। इसका न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 2 जून से 16 जून 2026 तक खुला रहेगा। फंड फिक्स्ड इनकम, इक्विटी आर्बिट्राज, रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) और इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) जैसी परिसंपत्तियों में निवेश करेगा। इसका बेंचमार्क निफ्टी 50 हाइब्रिड कंपोजिट डेट 50:50 इंडेक्स होगा। इस योजना में न्यूनतम निवेश राशि 10 लाख रुपये रखी गई है, जबकि मान्यता प्राप्त निवेशकों के लिए यह सीमा 1 लाख रुपये है। एचएसबीसी म्यूचुअल फंड के सीईओ कैलाश कुलकर्णी ने कहा कि यह उत्पाद पारंपरिक म्यूचुअल फंड और पीएमएस तथा एआईएफ जैसे उच्च निवेश उत्पादों के बीच संतुलित विकल्प प्रदान करता है। वहीं, मुख्य निवेश अधिकारी (फिक्स्ड इनकम) श्रीराम रामनाथन ने कहा कि फंड का फोकस मजबूत क्रेडिट चयन, जोखिम नियंत्रण और कम उतार-चढ़ाव के साथ बेहतर रिटर्न पर रहेगा।

### करण अडानी ने नवान्न में मुख्यमंत्री शुभेंदु से मुलाकात की



**कोलकाता, समाज्ञा :** अडानी ग्रुप के शीर्ष मालिकों में से एक करण अडानी ने बुधवार को नवान्न में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के साथ मुलाकात की। सूत्रों का कहना है कि मुख्यमंत्री और करण अडानी के बीच इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, पावर, लॉजिस्टिक्स और ग्रीनफील्ड रोड कंस्ट्रक्शन जैसे जरूरी मुद्दों पर लंबी बातचीत हुई। हालांकि, अभी तक किसी भी पक्ष ने निवेश की सही रकम या खास परियोजनाओं के बारे में कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं किया है।

### विकसित अग्नाशय कैंसर का सफल उपचार

**कोलकाता :** विकसित अग्नाशय कैंसर से पीड़ित एक बुजुर्ग मरीज को अत्यंत जटिल 10 घंटे के ऑपरेशन के बाद कैंसर मुक्त कर दिया गया है। इस ऑपरेशन में अग्नाशय को पूरी तरह से हटा दिया गया और प्रमुख रक्त वाहिकाओं का पुनर्निर्माण किया गया। विस्तृत पुनर्मूल्यांकन के बाद, डॉ. संजय मंडल ने मरीज की सर्जरी की। ऑपरेशन के दौरान पता चला कि कैंसर न केवल अग्नाशय के ऊपरी भाग में फैला हुआ था, बल्कि पूरे अग्नाशय में भी था, जिसके कारण अनुमान से कहीं अधिक व्यापक ऑपरेशन की आवश्यकता पड़ी। कैंसर को पूरी तरह से हटाने के लिए, डॉ. संजय मंडल और उनकी टीम ने अग्नाशय की सर्जरी के सबसे चुनौतीपूर्ण ऑपरेशनों में से एक, टोटल पैंक्रियाटेक्टॉमी के साथ-साथ प्रमुख रक्त वाहिका का रिसेक्शन और पुनर्निर्माण किया। हालांकि पूरे अग्नाशय को हटाने से मरीज को मधुमेह हो गया है, लेकिन उसके रक्त शर्करा के स्तर की बारीकी से निगरानी और प्रबंधन किया जा रहा है।

## सुरेंद्रनाथ कॉलेज कांड : दो तृणमूल नेताओं के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज

**कोलकाता, समाज्ञा :** सुरेंद्रनाथ कॉलेज में दो बैगों से दीमक लगी बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के बाद अब कॉलेज परिसर से एक आग्नेयास्त्र मिलने का मामला सामने आया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कॉलेज के यूनियन रूम से हथियार बरामद किया गया है। इस मामले में मुचीपाड़ा थाने में तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं देवाशीष बनर्जी और परितोष दत्त के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि हथियार यूनियन रूम तक कैसे पहुंचा और उसे वहां क्यों रखा गया था, इसकी जांच की जा रही है। मामले में दोनों नेताओं से पूछताछ की जाएगी। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, देवाशीष बनर्जी कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के सदस्य रह चुके हैं। आरोप है कि देवाशीष और परितोष दत्त ने यूनियन रूम सहित कॉलेज की पहली मंजिल के कई




कमरों पर ताला लगाकर रखा था, जहां किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं थी। बताया जा रहा है कि दोनों नेता इन कमरों का अपने निजी कार्यों के लिए इस्तेमाल करते थे। मंगलवार की शाम करीब 4.30 बजे कॉलेज प्रशासन ने पहली मंजिल का एक कमरा खोला, जहां दो ट्रॉली बैगों के भीतर नकदी बरामद हुई। इसके बाद, रात में कॉलेज के प्राचार्य और छात्रों ने यूनियन रूम में एक आग्नेयास्त्र देखा। इसके बाद ही दोनों तृणमूल नेताओं के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# रमेश कुमार ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अपर महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला

**मालीगांव :** इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ इंजीनियर्स (आईआरएसई) के वरिष्ठ अधिकारी रमेश कुमार ने 1 जून 2026 को पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के अपर महाप्रबंधक (एजीएम) का कार्यभार ग्रहण किया। रेलवे अवसंरचना विकास, निर्माण, रखरखाव और परियोजना प्रबंधन के क्षेत्र में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री कुमार के नेतृत्व से रेलवे की विभिन्न विकास परियोजनाओं को नई गति मिलने की उम्मीद है।

रमेश कुमार 1991 बैच के आईआरएसई अधिकारी हैं और उन्होंने नैनीताल स्थित गोविंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने नवंबर 1992 में भारतीय रेल में अपनी सेवा शुरू की थी।



अपने लंबे करियर के दौरान उन्होंने दक्षिण पूर्व रेलवे, रेलवे लैंड डेवलपमेंट अथॉरिटी (आरएलडीए), रेलवे बोर्ड तथा पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे में उन्होंने सहायक अभियंता और मंडल अभियंता के रूप में कार्य किया, जबकि पश्चिम बंगाल की तमलुक-दीघा नई रेल लाइन परियोजना में उप मुख्य अभियंता की भूमिका निभाई। आरएलडीए में संयुक्त महाप्रबंधक और रेलवे बोर्ड में निदेशक (भूमि एवं सुविधाएं) के पद पर भी उन्होंने सेवाएं दीं।

एजीएम का कार्यभार संभालने से पहले वह एनएफआर में मुख्य परियोजना निदेशक (स्टेशन विकास) के रूप में कार्यरत थे, जहां वे अमृत भारत स्टेशन योजना और विभिन्न स्टेशन पुनर्विकास परियोजनाओं की निगरानी कर रहे थे। इसके अलावा उन्होंने डिमापुर-कोहिमा नई लाइन परियोजना में मुख्य अभियंता (निर्माण) तथा चक्रधरपुर मंडल के घाट सेक्शनों में भी महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं का नेतृत्व किया। उन्हें स्टेशन पुनर्विकास, नई लाइन निर्माण, भूमि प्रबंधन और मध्यस्थता मामलों का व्यापक अनुभव प्राप्त है।

## पूर्व रेलवे ने स्टेशनों पर बढ़ाए ठंडे पेयजल और शीतल सुविधाओं के इंतजाम

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों को राहत पहुंचाने के लिए अपने स्टेशनों और सेवा परिसरों में ठंडे पेयजल तथा शीतलन सुविधाओं का व्यापक विस्तार किया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 100 नए वाटर कूलर स्थापित करने का लक्ष्य रखा है, जिनमें से 87 इकाइयां अप्रैल 2026 में ही स्थापित कर दी गई हैं। यह पहल यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस अभियान के तहत विभिन्न मंडलों में उच्च क्षमता वाले वाटर कूलर, जल शोधक और वातानुकूलन सुविधाएं तेजी से बढ़ाई जा रही हैं। आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2025-26 के दौरान 284 नए वाटर कूलर लगाए गए थे, जिसके बाद मार्च 2026 तक पूर्व रेलवे में कुल 518 वाटर कूलर कार्यरत हो गए। सियालदह मंडल में हाल ही में 120 लीटर क्षमता वाले छह नए वाटर कूलर स्थापित किए गए हैं। इनमें एनकेजी कारशेड, फुलिया, सीआरई हेल्थ यूनिट रानाघाट तथा बैरकपुर आरपीएफ बैरक शामिल हैं। इसके अलावा, राणाघाट स्टेशन पर एक पुराने वाटर कूलर को बदलकर नई इकाई लगाई गई है। वहीं, आसनसोल मंडल में 150 लीटर क्षमता वाले 36 अत्याधुनिक वाटर कूलर एवं 120 लीटर क्षमता वाले जल शोधक स्थापित किए गए हैं। मालदह टाउन मंडल के खालतीपुर और धुलियन गंगा स्टेशनों पर भी 150 लीटर क्षमता वाले दो नए वाटर कूलर चालू किए गए हैं। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि यात्रियों की सुविधा और आराम रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने बताया कि सभी मंडलों की टीमें चौबीसों घंटे कार्य कर रही हैं ताकि गर्मी के इस कठिन मौसम में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# कोलकाता एयरपोर्ट पर यात्री सुविधाओं का विस्तार, सालाना क्षमता बढ़कर 2.8 करोड़ होगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा में यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बुनियादी ढांचे का विस्तार किया गया है। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्री सुविधाओं और परिचालन क्षमता में सुधार के लिए टर्मिनल भवन में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। एयरपोर्ट के मौजूदा टर्मिनल भवन के प्रस्थान (डिपार्चर) स्तर पर 966 वर्ग मीटर अतिरिक्त क्षेत्र विकसित कर परिचालन में लाया गया है। इस नए क्षेत्र से घरेलू प्रस्थान क्षेत्र और घरेलू व अंतरराष्ट्रीय दोनों यात्रियों के लिए उपयोग होने वाले स्विंग गेट जोन में भीड़भाड़ कम होगी तथा बैठने की क्षमता बढ़ेगी। यह सुविधा यात्रियों



के उपयोग के लिए शुरू कर दी गई है। इसके अलावा, अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान क्षेत्र का करीब 3,000 वर्ग मीटर विस्तार किया गया है। विस्तारित क्षेत्र में इमिग्रेशन, कस्टम्स और प्री-एम्बार्केशन सिक्योरिटी चेक (पीईएससी) सुविधाओं को स्थानांतरित कर यात्रियों की आवाजाही को अधिक सुगम बनाया जाएगा। इससे अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा होल्ड क्षेत्र में अतिरिक्त स्थान उपलब्ध होगा और यात्री आवागमन में सुधार आएगा। यह विस्तार जल्द ही परिचालन में आ जाएगा। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) के अनुसार, इन विकास कार्यों से कोलकाता एयरपोर्ट की वार्षिक यात्री क्षमता 2.6 करोड़ से बढ़कर 2.8 करोड़ यात्रियों तक पहुंच जाएगी, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और सुगम यात्रा अनुभव मिल सकेगा।

## एएससीआई रिपोर्ट: सट्टेबाजी और रियल एस्टेट विज्ञापनों में सबसे ज्यादा नियम उल्लंघन

**कोलकाता, समाज्ञा :** एडवर्टाइजिंग स्टैंडर्ड्स काउंसिल ऑफ इंडिया (एएससीआई) की वार्षिक शिकायत रिपोर्ट 2025-26 के अनुसार विज्ञापन नियमों के उल्लंघन के मामलों में ऑफशोर बेटिंग और रियल एस्टेट क्षेत्र सबसे आगे रहे। रिपोर्ट में बताया गया है कि वर्ष 2025-26 के दौरान 11,581 मामलों की जांच की गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। सबसे अधिक 6,933 मामले ऑफशोर बेटिंग विज्ञापनों से जुड़े पाए गए, जबकि रियल एस्टेट (643), पर्सनल केयर (576), खाद्य एवं पेय पदार्थ (331) और ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज एक्ट से जुड़े उत्पाद (274) भी प्रमुख उल्लंघनकर्ताओं में शामिल रहे। रिपोर्ट



के मुताबिक 97.3 प्रतिशत संदिग्ध विज्ञापन डिजिटल प्लेटफॉर्म पर पाए गए, जिनमें बड़ी संख्या सोशल मीडिया विज्ञापनों की थी। कुल उल्लंघनों में 75.4 प्रतिशत विज्ञापन नुकसानदेह उत्पादों या गतिविधियों को बढ़ावा देने वाले थे, जबकि 27.5 प्रतिशत विज्ञापन भ्रामक दावों वाले पाए गए। एएससीआई ने डिजिटल विज्ञापनों और इन्फ्लुएंसर मार्केटिंग पर कड़ी निगरानी की आवश्यकता जताई है।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कांचरापाड़ा स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांचरापाड़ा रेलवे स्टेशन पर टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 29 मई को जागरूकता कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर के नेतृत्व में आयोजित इस पहल का उद्देश्य तपेदिक (टीबी) के प्रति लोगों को जागरूक करना और इसके उन्मूलन के लिए जनभागीदारी बढ़ाना था। कांचरापाड़ा वर्कशॉप रेलवे अस्पताल के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम का संचालन डॉ. एस. चट्टोपाध्याय के मार्गदर्शन तथा डॉ. सुजाता कुंडू की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में रेलवे कर्मचारियों, चिकित्सा कर्मियों और बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया।



इस अवसर पर डॉ. सुजाता कुंडू ने टीबी के बढ़ते मामलों, इसके शुरुआती लक्षणों और केंद्र सरकार के 100-दिवसीय विशेष अभियान पर प्रकाश डाला। उन्होंने लोगों से समय पर जांच और उपचार कराने की अपील की। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कांचरापाड़ा वर्कशॉप (केपीएडब्ल्यू) ड्रामा टीम द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक रहा। नाटक के माध्यम से लगातार खांसी, वजन कम होना जैसे टीबी के शुरुआती लक्षणों, सामाजिक भ्रांतियों को दूर करने तथा दवा प्रतिरोध से बचने के लिए उपचार का पूरा कोर्स पूरा करने का संदेश दिया गया। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने कहा कि टीबी उन्मूलन और इससे जुड़े मिथकों को खत्म करने में ऐसे जमीनी स्तर के जागरूकता अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# अभिषेक के आवास पर कथित अवैध निर्माण मामले में हाई कोर्ट ने केएमसी से मांगी रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने बुधवार को कोलकाता नगर निगम (केएमसी) को निर्देश दिया कि वह सात दिनों के भीतर दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ यह बताए कि तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी के आवास और उनकी कंपनी लीप्स एंड बाउंड्स के परिसरों में कथित अवैध निर्माण या स्वीकृत नक्शे से किसी प्रकार का विचलन कहां-कहां मौजूद है। न्यायमूर्ति स्मिता दास दे ने बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान केएमसी को यह निर्देश जारी किया। अदालत ने स्पष्ट किया कि केएमसी अपनी रिपोर्ट में यह विस्तार से बताए कि अभिषेक बनर्जी के आवास में किस प्रकार की अनियमितताएं या अवैध निर्माण पाए गए हैं, वे संपत्ति के किस हिस्से में स्थित हैं और कुल



निर्मित क्षेत्रफल की तुलना में उनका दायरा कितना है। अदालत ने रिपोर्ट दाखिल करने के लिए सात दिन की समयसीमा निर्धारित की है। इसके साथ ही अदालत ने संपत्ति मालिकों को भी अपना पक्ष रिकॉर्ड पर रखने का निर्देश दिया है। उन्हें दो सप्ताह के भीतर यह बताना होगा कि संपत्ति में कोई अवैध निर्माण है या नहीं, और यदि है, तो उसकी सीमा क्या है। अदालत ने कहा कि मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद होगी। उस समय केएमसी की रिपोर्ट और संपत्ति मालिकों की ओर से दाखिल जवाब के आधार पर आगे की कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। गौरतलब है कि अभिषेक बनर्जी के पिता अमित बनर्जी और माता लता बनर्जी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया है कि कोलकाता के 29-सी, हरिश चटर्जी स्ट्रीट स्थित मकान का निर्माण पूरी तरह वैध तरीके से किया गया है। बनर्जी दंपति ने केएमसी द्वारा जारी नोटिस को रद्द करने की मांग करते हुए अदालत का रुख किया है। उनका कहना है कि वैध रूप से निर्मित मकान को लेकर निगम ने अवैध निर्माण का नोटिस जारी किया है।

## शिक्षक भर्ती मामले में ईडी ने अभिषेक बनर्जी को 15 जून को किया तलब

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी को बुधवार को समन जारी कर प्राथमिक विद्यालय में भर्ती में अनियमितताओं के मामले में 15 जून को केंद्रीय एजेंसी के समक्ष पेश होने को कहा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ईडी अधिकारियों की एक टीम शाम को दक्षिण कोलकाता में अभिषेक के कालीघाट रोड स्थित आवास पर गई और उनके एक कर्मचारी को समन सौंप दिया गया, क्योंकि तृणमूल महासचिव मौजूद नहीं थे। उन्होंने बताया कि डायमंड हार्बर के सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक को साल्टलेक स्थित सीजीओ कॉम्प्लेक्स कार्यालय में एजेंसी के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया है।

## हस्ताक्षर विवाद : गिरफ्तारी से बचाव के लिए हाई कोर्ट पहुंचे अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता, समाज्ञा**

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने तृणमूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी को उनकी पार्टी के विधायकों के हस्ताक्षरों की कथित जालसाजी की जांच के सिलसिले में राज्य सीआईडीद्वारा किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण का अनुरोध वाली याचिका दायर करने की बुधवार को अनुमति दे दी। अभिषेक बनर्जी के वकीलों की मौखिक याचिका पर न्यायमूर्ति अपूर्वा सिन्हा राय की अवकाशकालीन पीठ ने उन्हें प्राथमिकी को चुनौती देने और किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से अंतरिम संरक्षण का अनुरोध करने वाली याचिका दायर करने की अनुमति दी। अभिषेक बनर्जी के वकीलों ने बताया कि मामले की सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है।

## विधायकों की बगावत के बाद तृणमूल कांग्रेस ने राज्य में सभी संगठनात्मक समितियां भंग कीं

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को राज्य में अपनी सभी संगठनात्मक समितियां भंग कर दीं और पार्टी ढांचे की व्यापक समीक्षा की घोषणा की। तृणमूल ने 'एक्स' पर जारी बयान में कहा कि राज्य में पार्टी की सभी समितियां और उसके सभी अग्रिम संगठन तत्काल प्रभाव से भंग कर दिए गए हैं। यह फैसला ऐसे समय आया है, जब कुछ घंटे पहले ही तृणमूल के बागी विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष से अलग विधायक दल के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया। पार्टी ने अपने बयान में कहा कि काफी विचारविमर्श के बाद यह निर्णय लिया गया है कि पश्चिम बंगाल में अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की सभी समितियां और उसके सभी अग्रिम संगठन तत्काल प्रभाव से भंग माने जाएंगे।

पार्टी ने कहा कि वह 'हर स्तर पर आत्ममंथन, प्रदर्शन समीक्षा और संगठनात्मक मूल्यांकन का व्यापक तरीके से आकलन' करेगी। बयान में कहा गया कि इस अभ्यास के निष्कर्षों के आधार पर मूल संगठन और सभी अग्रिम संगठनों के ढांचे का पुनर्गठन किया जाएगा और उचित समय पर इसकी घोषणा की जाएगी।

हालांकि, पार्टी ने इस फैसले के कारणों के बारे में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी। तृणमूल ने सोशल मीडिया पोस्ट में यह भी कहा कि पार्टी अपने संगठन को मजबूत करने और उसे नयी ऊर्जा देने व नए उद्देश्य के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मृत कर्मचारियों का बकाया डीए मिलेगा कानूनी वारिसों को, वित्त विभाग ने जारी की जरूरी दस्तावेजों की सूची

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में सरकारी कर्मचारियों के बकाया महंगाई भत्ते (डीए) को लेकर चल रहे लंबे गतिरोध के बीच राज्य सरकार ने एक बड़ा और राहत भरा फैसला लिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मृत्यु हो चुकी है, उनका बकाया डीए बेकार नहीं जाएगा, बल्कि वह राशि उनके निकटतम परिजनों या कानूनी वारिसों को दी जाएगी। राज्य वित्त विभाग ने इस संबंध में समाचार पत्रों में एक आधिकारिक विज्ञापन जारी कर पूरी प्रक्रिया की जानकारी दी है। सरकारी विज्ञापन के अनुसार, 1 अप्रैल 2008 से लेकर 31 दिसंबर 2019 तक की अवधि का बकाया महंगाई भत्ता दिया जाएगा। मृतक कर्मचारियों के वैध उत्तराधिकारियों को इस




बकाए का दावा करने के लिए जल्द से जल्द संबंधित ट्रेजरी कार्यालय से संपर्क करने का निर्देश दिया गया है, यानी उसी ट्रेजरी में जाना होगा जहां से मृत कर्मचारी को पेंशन मिलती थी। विभागीय सूत्रों और नियमों के अनुसार, मृत पेंशनभोगी का बकाया डीए प्राप्त करने के लिए कानूनी वारिसों को महत्वपूर्ण दस्तावेज जमा करने होंगे, जिनमें मृत सेवानिवृत्त कर्मचारी या पारिवारिक पेंशनभोगी का मूल डेथ सर्टिफिकेट, अदालत या सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, जो यह साबित करे कि आवेदक ही मृतक का असली वारिस है। मृत कर्मचारी की पीपीओ कॉपी और पेंशन पासबुक, दावा करने वाले परिजन का आधार कार्ड, पैन कार्ड और वोटर आईडी, राशि ट्रांसफर करने के लिए दावेदार का बैंक पासबुक या कैंसिल्ड चेक, यदि आवेदक को पहले से पारिवारिक पेंशन मिल रही है, तो उससे जुड़े दस्तावेज शामिल है। राज्य सरकार ने इस पूरी प्रक्रिया और किसी भी अन्य पूछताछ के लिए एक विशेष हेल्पलाइन नंबर 033-22535417 जारी किया है, जिस पर संपर्क कर विस्तृत जानकारी ली जा सकती है।

## बनगांव में तृणमूल पार्षद पापाई राहा गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बनगांव नगरपालिका के वार्ड 14 के तृणमूल कांग्रेस पार्षद पापाई राहा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर कथित तौर पर वसूली, धमकी देने और विभिन्न असामाजिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप हैं। इस कार्रवाई के बाद इलाके में व्यापक चर्चा और राजनीतिक हलचल शुरू हो गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पापाई राहा के खिलाफ लंबे समय से स्थानीय लोगों द्वारा कई शिकायतें दर्ज कराई जा रही थीं। आरोप है कि उनके खिलाफ इलाके में दबंगई, अवैध वसूली और लोगों को धमकाने संबंधी शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। इन शिकायतों के आधार पर बुधवार की दोपहर बनगांव थाना पुलिस ने गोपालनगर क्षेत्र में अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि आरोपित के खिलाफ दर्ज शिकायतों और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कानून के अनुसार कार्रवाई की गई है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# तृणमूल नेता जयप्रकाश मजूमदार गिरफ्तार

**❑ फ्लैट पर अवैध कब्जे और मकान मालकिन को धमकाने का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश मजूमदार को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। उन पर एक फ्लैट पर वर्षों से अवैध कब्जा करने, उसकी वृद्ध मकान मालकिन को कथित रूप से धमकाने और अभद्र व्यवहार करने के आरोप लगे हैं। पुलिस ने उन्हें विधाननगर उत्तर थाना क्षेत्र से हिरासत में लेने के बाद औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार, जयप्रकाश मजूमदार ने वर्ष 2012 में विधाननगर के एई-337 नंबर फ्लैट को किराये पर लिया था। आरोप है कि वर्ष 2015 में एग्रीमेंट की अवधि समाप्त होने के बावजूद उन्होंने एग्रीमेंट का नवीनीकरण नहीं कराया। इसके बावजूद वह और उनका परिवार फ्लैट में रह रहे थे। फ्लैट की मालिक



आरती रायचौधुरी ने आरोप लगाया है कि उन्होंने कई बार कानूनी नोटिस भेजकर फ्लैट खाली करने को कहा था, लेकिन जयप्रकाश मजूमदार और उनके परिवार ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। आरती ने यह भी आरोप लगाया है कि उन्हें अपमानजनक टिप्पणियां की गईं और धमकियां दी गईं। बुधवार को इस मुद्दे को लेकर कुछ लोग फ्लैट के बाहर एकत्र होकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। आरोप है कि प्रदर्शन के दौरान जयप्रकाश मजूमदार ने कुछ प्रदर्शनकारियों के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई की। स्थिति की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें हिरासत में लेकर विधान-नगर उत्तर थाने ले गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, फ्लैट पर कथित अवैध कब्जे, मकान मालकिन को धमकाने तथा अन्य संबंधित आरोपों के आधार पर जयप्रकाश मजूमदार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है।

# हाई कोर्ट ने 10 दिन में बीडीओ प्रशांत बर्मन की गिरफ्तारी के दिए निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा**

स्वर्ण व्यवसायी स्वपन कामिल्या हत्याकांड के मुख्य आरोपितों में शामिल बीडीओ प्रशांत बर्मन की गिरफ्तारी को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। अदालत ने राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को 10 दिनों के भीतर प्रशांत बर्मन को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। बुधवार को मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा राय ने जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए। अदालत ने कहा कि हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत खारिज होने तथा आत्मसमर्पण का निर्देश मिलने के बावजूद प्रशांत बर्मन अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं हुए। अदालत ने मामले के जांच अधिकारी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का भी आदेश दिया है। साथ ही, 10 दिनों के भीतर कार्रवाई की रिपोर्ट हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को सौंपने को कहा गया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने यह भी पूछा कि हत्या के मामले में आरोपित व्यक्ति खुलेआम घूम रहा है, जमीन की खरीद-फरोख्त कर रहा है, फिर भी पुलिस उसे पकड़ने में असफल कैसे है।

अदालत ने जांच में कई खामियां बताते हुए नाराजगी जताई। इसी मामले में गिरफ्तार तृणमूल नेता सजल सरकार की जमानत याचिका भी हाई कोर्ट ने खारिज कर दी। अदालत ने कहा कि जांच में गंभीर त्रुटियां सामने आई हैं और जिम्मेदार अधिकारियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

# तृणमूल के वरिष्ठ नेता विश्वजीत देव ने दिया इस्तीफा, ममता-अभिषेक पर साधा निशाना

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस की पराजय के बाद पार्टी के भीतर जारी असंतोष के बीच बुधवार को एक और बड़ा झटका लगा। तृणमूल कांग्रेस की राज्य समिति के सदस्य रहे विश्वजीत देव ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने राज्य अध्यक्ष सुब्रत बक्शी को पत्र भेजकर अपने इस्तीफे की जानकारी दी।

इस्तीफे के बाद विश्वजीत देव ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर खुलकर नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी में उन्हें कभी कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी नहीं दी गई और उनकी उपेक्षा की गई।

विश्वजीत देव ने कहा कि अधिवक्ता महाधिवक्ता के पद पर रहते हुए उन्होंने तृणमूल कांग्रेस का दामन थामा था और 21 जुलाई के मंच से उनके नाम की घोषणा भी की गई थी, लेकिन इसके बाद उन्हें कोई अवसर नहीं दिया गया। उनका आरोप है कि पार्टी में लंबे समय से समर्पित कार्यकर्ताओं की तुलना में बाहरी लोगों को अधिक महत्व दिया गया।

उन्होंने अभिषेक बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी की वर्तमान स्थिति के लिए नेतृत्व की कार्यशैली जिम्मेदार है। साथ ही उन्होंने ममता बनर्जी की बांग्ला और बांग्ला अस्मिता की राजनीति पर भी सवाल उठाए। उनका कहना था कि बाहर से आए कई लोगों को लोकसभा और राज्यसभा भेजा गया, जबकि बंगाल के नेताओं और कार्यकर्ताओं को पर्याप्त अवसर नहीं मिले।

विश्वजीत देव ने यह भी दावा किया कि उन्होंने पहले भी कई बार संगठन के भीतर अपनी बात रखने की कोशिश की, लेकिन उनकी बातों पर ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने राज्यसभा के लिए उम्मीदवारों के चयन की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संसद में कानून निर्माण का कार्य होता है और उम्मीदवारों का चयन उसी दृष्टि से होना चाहिए।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि हाल के दिनों में तृणमूल कांग्रेस के कई नेताओं, पार्षदों और विधायकों के इस्तीफों तथा असंतोष के सार्वजनिक होने से पार्टी के भीतर बढ़ती खींचतान अब खुलकर सामने आने लगी है। विश्वजीत देव का इस्तीफा भी इसी क्रम की एक महत्वपूर्ण कड़ी माना जा रहा है।

## दुर्गापुर में पूर्व बोरो चेयरमैन गिरफ्तार, अदालत परिसर में लगे 'चोर-चोर' के नारे

**पश्चिम बर्दवान :** दुर्गापुर नगर निगम के पूर्व बोरो चेयरमैन एवं पूर्व पार्षद रामाप्रसाद हालदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर अवैध वसूली, राजनीतिक अफवाह फैलाने, विरोधी कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट करने तथा चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, रामाप्रसाद हालदार के खिलाफ वर्ष 2021 के विधानसभा चुनाव से जुड़े कई मामलों की जांच चल रही थी। आरोप है कि चुनाव से पहले और बाद में भी उन्होंने अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर लोगों को डराने-धमकाने, विरोधी राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं पर दबाव बनाने तथा अवैध वसूली जैसी गतिविधियों को अंजाम दिया। बुधवार को पुलिस को सूचना मिली कि रामाप्रसाद हालदार बर्दवान की ओर से बुदबुद इलाके में आ रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने अभियान चलाकर उन्हें हिरासत में लिया और बाद में गिरफ्तार कर लिया। रामाप्रसाद हालदार दुर्गापुर नगर निगम के बोरो नंबर-2 के निवर्तमान चेयरमैन रह चुके हैं। साथ ही, वे निगम के वार्ड नंबर-20 के पूर्व पार्षद भी थे। स्थानीय राजनीति में उन्हें तृणमूल कांग्रेस के प्रभावशाली नेताओं में गिना जाता रहा है। गिरफ्तारी के बाद उन्हें दुर्गापुर महकमा अदालत में पेश किया गया। अदालत परिसर में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक वहां पहुंच गए। प्रदर्शनकारियों ने रामाप्रसाद हालदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। चोर-चोर के नारों से पूरा अदालत परिसर गूंज उठा। कई प्रदर्शनकारी उनके विरोध में जूते-चप्पल दिखाते हुए भी नजर आए।

## भ्रष्टाचार के आरोप में गरफा के तृणमूल पार्षद गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस ने कोलकाता नगर निगम (केएमसी) के एक और पार्षद को जबरन वसूली और भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि भ्रष्टाचार के आरोपों में गिरफ्तार किए गए केएमसी के तृणमूल पार्षदों की कुल संख्या अब तीन हो गई है। कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, गरफा पुलिस थाने के अधिकारियों ने मंगलवार की रात वार्ड 106 के पार्षद अरिजीत दास ठाकुर को गिरफ्तार किया। उन पर स्थानीय प्रमोटरों और कारोबारियों को धमकाकर जबरन पैसे वसूलने का आरोप था। एक लिखित शिकायत दर्ज की गई थी कि वह लंबे समय से इलाके में निर्माण और व्यापार से जुड़े मामलों में दखल देकर पैसे वसूलने की कोशिश कर रहे थे। शुरुआती जांच में सच्चाई सामने आने के बाद पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया।

## तृणमूल कार्यालय से बड़ी संख्या में बम बरामद, पंचायत उपप्रधान बुबाई चक्रवर्ती गिरफ्तार

हावड़ा, समाज्ञा : हावड़ा के डोमजूर क्षेत्र में तृणमूल कांग्रेस के एक पार्टी कार्यालय से बड़ी संख्या में देसी बम बरामद होने के बाद नारना ग्राम पंचायत के उपप्रधान बुबाई चक्रवर्ती को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार रात हिरासत में लिए गए चक्रवर्ती को लंबी पूछताछ के बाद बुधवार दोपहर औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार, स्थानीय निवासियों की शिकायत के आधार पर मंगलवार रात नारना के पिपिलाई गांव स्थित बुबाई चक्रवर्ती के आवास पर छापेमारी की गई। इसके बाद उनके घर के पास स्थित तृणमूल कांग्रेस के पार्टी कार्यालय की तलाशी के दौरान बड़ी मात्रा में देसी बम बरामद किए गए। पुलिस ने बम जमा करने, कथित उगाही, सरकारी संपत्ति के अवैध उपयोग और अवैध रूप से सामग्री संग्रहित करने समेत विभिन्न आरोपों में कार्रवाई की है। भाजपा ने घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने की साजिश रची जा रही थी और इसी उद्देश्य से कार्यालय में बड़ी मात्रा में बम जमा किए गए थे। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। बुबाई चक्रवर्ती पर 2021 विधानसभा चुनाव के बाद हिंसा, पंचायत निधि के कथित दुरुपयोग, स्थानीय लोगों से उगाही तथा धमकी देने के आरोप भी हैं। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## बेलगछिया के परित्यक्त पंपिंग स्टेशन में दर्दनाक हादसा, जलाशय में डूबकर किशोर की मौत

**हावड़ा :** हावड़ा के बेलगछिया स्थित परित्यक्त ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन परिसर में बुधवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभिषेक राव (15) के रूप में हुई है। वह लगभग 120 फुट गहरे भूमिगत जलाशय में गिरकर डूब गया था। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 9 बजे अभिषेक अपने भाई विशाल के साथ बेलगछिया भागाड़ स्थित परित्यक्त ड्रेनेज पंपिंग स्टेशन क्षेत्र से गुजर रहा था। इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह सीधे गहरे भूमिगत जलाशय में जा गिरा। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग, राज्य आपदा प्रबंधन बल तथा हावड़ा सिटी पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। बचाव अभियान के तहत जलाशय से पंप की मदद से पानी और कीचड़ निकालने का काम शुरू किया गया। साथ ही लगभग 10 गोताखोरों को जलाशय में उतारकर किशोर की तलाश की गई। कई घंटों की मशक्कत के बाद बुधवार शाम अभिषेक का शव बरामद किया गया। घटना की जानकारी मिलने पर शिवपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रुद्रनील घोष भी घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने बचाव कार्य में तेजी लाने के लिए हावड़ा की जिलाधिकारी पी. दीपाप प्रिया से भी संपर्क किया। इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए विधायक रुद्रनील घोष ने कहा कि राज्य सरकार के पास बेलगाछिया भागाड़ क्षेत्र के पुनर्विकास की योजना है।

# माखला में मंत्री उमेश राय के सम्मान में बंटी मिठाइयां



**हुगली, समाज्ञा :** हावड़ा के नवनिर्वाचित विधायक उमेश राय के कैबिनेट मंत्री बनने की खुशी में माखला (उत्तरपाड़ा) की जनता ने बिरला मोड़ पर एकत्रित होकर राहगीरों और स्थानीय लोगों के बीच मिठाई वितरण किया। इस अवसर पर आशीष सिंह, प्रदीप वर्मा, नितेश सिंह, विजय ओझा, संतोष ओझा, राजीव चौबे, मदन मोहन केशरवानी, शुभम सिंह, रोहित सिंह, चुनचुन सिंह, राणा बहादुर सिंह सहित भारी संख्या में अन्य गणमान्य प्रबुद्ध जन और स्थानीय भाई उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर इस ऐतिहासिक पल का उत्सव मनाया।

# सरकारी जलाभूमि पर अवैध कब्जे का आरोप: तारापुकुर में फूटा लोगों का गुस्सा, पार्षद के खिलाफ एफआईआर की चेतावनी

**हुगली :** श्रीरामपुर नगर क्षेत्र के तारापुकुर स्थित 28 नंबर वार्ड में कथित सरकारी भूमि कब्जे और अवैध निर्माण को लेकर स्थानीय लोगों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन में भाजपा समर्थकों की भी सक्रिय भागीदारी रही। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि लगभग तीन वर्ष पहले तारापुकुर क्वार्टर इलाके की एक सरकारी जलाभूमि और जल निकासी क्षेत्र को मिट्टी डालकर भर दिया गया। इसके बाद उस जमीन को कथित रूप से विभिन्न लोगों को बेच दिया गया, जबकि खरीदारों के पास न तो वैध दस्तावेज हैं और न ही किसी प्रकार का सरकारी स्वामित्व प्रमाण। आरोप है कि उस भूमि पर कई मकानों का निर्माण भी कर लिया गया है।

**❑ जल निकासी व्यवस्था हुई ध्वस्त**

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जलाशय और प्राकृतिक निकासी मार्ग बंद होने के कारण तारापुकुर के ए, बी, सी और डी ब्लॉक की पूरी जल निकासी व्यवस्था प्रभावित हो गई है। अब स्थिति ऐसी हो गई है कि मामूली बारिश में भी घरों, आंगनों और यहां तक कि बाथरूमों में पानी घुस जाता है। नालियों का पानी बाहर नहीं निकल पाने से क्षेत्र में लगातार जलजमाव बना रहता है, जिससे लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

**❑ प्रशासन पर अनदेखी का आरोप**

प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार नगर प्रशासन और संबंधित अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने आरोप लगाया कि शिकायतों के बावजूद प्रशासनिक स्तर पर मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया।

**❑ पार्षद पर गंभीर आरोप, कानूनी कार्रवाई की चेतावनी**



विरोध प्रदर्शन के दौरान 27 नंबर वार्ड के पार्षद पिंटू नाग पर भी गंभीर आरोप लगाए गए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता है तो पार्षद के खिलाफ कानूनी कदम उठाए जाएंगे और थाने में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई जाएगी। हालांकि, इस संबंध में पार्षद पिंटू नाग की ओर से कोई विस्तृत प्रतिक्रिया नहीं मिली। टेलीफोन पर उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की कोई समस्या है तो संबंधित लोग नगरपालिका में लिखित शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

**❑ जलजमाव से बढ़ रहा डेंगू का खतरा : पायल राय**

स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता एवं 28 नंबर वार्ड की निवासी पायल राय ने कहा कि क्षेत्र में लगातार जलजमाव रहने के कारण डेंगू और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि केवल घर-घर जाकर डेंगू सर्वेक्षण करने से समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि जलजमाव के मूल कारणों को दूर करना जरूरी है। पायल राय ने श्रीरामपुर नगरपालिका की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप है कि पहले नियमित रूप से हर महीने नालियों की सफाई होती थी, लेकिन अब ड्रेनों की सफाई लगभग बंद हो चुकी है। उन्होंने नगर प्रशासन पर जनता की समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया।

# सरकारी कर्मचारी समय पर नहीं पहुंचे तो अनुपस्थित माने जाएंगे, बायोमेट्रिक उपस्थिति होगी अनिवार्य

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की नई सरकार ने सरकारी कर्मचारियों की उपस्थिति और समयपालन को लेकर सख्त रुख अपनाया है। नवान्न की ओर से जारी नई अधिसूचना के अनुसार, अब सभी सरकारी कर्मचारियों को निर्धारित समय पर कार्यालय पहुंचना और समय पूरा होने तक कार्यालय में उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। नियमों का उल्लंघन करने पर अनुपस्थित दर्ज किया जाएगा और अवकाश भी काटा जा सकता है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि प्रशासनिक दक्षता बढ़ाने, समयपालन सुनिश्चित करने, कार्यालयों में अनुशासन स्थापित करने और उपस्थिति रिकॉर्ड के



डिजिटल संरक्षण के उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की जा रही है। यह नई व्यवस्था नवान्न स्थित सभी विभागों में 15 जून से लागू होगी, जबकि 31 जुलाई तक चरणबद्ध तरीके से राज्य के सभी सरकारी कार्यालयों में इसे लागू कर दिया जाएगा। मंगलवार को राज्य की मंत्री अग्निमित्रा पाल ने भी कहा था कि प्रत्येक कर्मचारी को अपने काम के प्रति जवाबदेह होना होगा। उन्हें समय पर कार्यालय आना और समय पर ही कार्यालय छोड़ना होगा। सभी सरकारी कार्यालयों में बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली लागू की जाएगी।

पश्चिम बंगाल सेवा नियमावली (भाग-1) के नियम 29ए के तहत कर्मचारियों को मुख्यालय से 8 किलोमीटर के भीतर निवास करने की अनिवार्यता से जो छूट पहले से प्राप्त है, वह जारी रहेगी। नवान्न में कार्यरत सभी कर्मचारियों (विभागाध्यक्षों को छोड़कर) के लिए कार्यालय में प्रवेश और निकास का समय चेहरा पहचान पर आधारित बायोमेट्रिक प्रणाली से दर्ज करना अनिवार्य होगा। सुबह 10:15 बजे से 11 बजे के बीच उपस्थिति दर्ज कराने पर कर्मचारी को विलंब से उपस्थित माना जाएगा। सुबह 11 बजे के बाद उपस्थिति दर्ज कराने पर कर्मचारी को उस दिन अनुपस्थित माना जाएगा। शाम 5:15 बजे से पहले कार्यालय छोड़ने पर इसे निर्धारित समय से पूर्व प्रस्थान माना जाएगा। यदि कोई कर्मचारी एक ही दिन देर से पहुंचे और निर्धारित समय से पहले कार्यालय छोड़ दे, तो उसे उस दिन अनुपस्थित माना जाएगा तथा उसका एक दिन का आकस्मिक अवकाश काट लिया जाएगा। कार्यालय छोड़ते समय बायोमेट्रिक प्रणाली में आउट-पंच नहीं करने पर भी कर्मचारी को अनुपस्थित माना जाएगा। किसी महीने में तीन बार देर से पहुंचने या समय से पहले कार्यालय छोड़ने पर एक दिन का आकस्मिक अवकाश अथवा बाल देखभाल अवकाश काटा जाएगा। पश्चिम बंगाल सेवा नियमावली (भाग-1) के नियम 15 के अनुसार, आवश्यकता पड़ने पर कर्मचारियों को कार्यालय समय समाप्त होने के बाद भी सरकारी कार्य करना होगा। यदि किसी कर्मचारी या अधिकारी को आधिकारिक बैठक अथवा सरकारी कार्य के कारण देर से आना या पहले जाना पड़े, तो संबंधित विभागाध्यक्ष आवश्यक अनुमोदन की व्यवस्था करेंगे।

## शहर में आज

❑ **भूतड़ा परिवार (कोलकाता-गिराजसर) :** संगीतमय श्री राम कथा, परम पूज्य पं. शम्भूशरण लाटा के मुखारवृंद से, दोपहर 2 बजे से सायं 6 बजे तक, स्थान- मंगलम् माहेश्वरी भवन,1 तल्ला, 493/बी/20, जी.टी.रोड (साउथ), फोरशोर रोड, नेक्सा सर्विस सेन्टर वाली गली, शिबपुर, हावड़ा।

❑ **सुन्दरकाण्ड भक्त मण्डल (कोलकाता) :** संगीतमय सामूहिक सुन्दरकाण्ड पाठ, श्री जय नारायण भूतड़ा, सायं 5.15 बजे से, स्थान- मंगलम् माहेश्वरी भवन, 493/बी/20, जी.टी.रोड (साउथ), फोरशोर रोड, नेक्सा वर्क शॉप वाली गली, शिबपुर, हावड़ा।

❑ **बाबा श्री रामदेव जी प्राचीन मंदिर :** बाबा रामदेवजी की आरती, सायं 7 बजे से, स्थान- 3, जगबंधु बोराल लेन, मारवाड़ी रिलीफ सोसाइटी हॉस्पिटल के सामने गली में, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **श्री रामदेव बाल प्रचार समिति ट्रस्ट :** बाबा रामदेव जी की आरती, सायं 7 बजे से, स्थान- बाबा रामदेव जी का मंदिर, 24, शिव ठाकुर लेन, 3 तल्ला, शिव ठाकुर धाम, ढ़ाकापट्टी, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **श्री राणी सती जी शोभायात्रा समिति :** निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा, सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक, स्थान- 24, गोयनका लेन, ढ़ाकापट्टी, बड़ाबाजार, कोलकाता।

# हमारा शरीर और पानी

संजीव वर्मा

## शरीर को पानी की आपूर्ति मुख्यतः तीन तरह से होती है।

1. शरीर के लिए पानी का पहला स्रोत है, प्यास लगने के बाद पिया जाने वाला पानी।
2. दूसरा स्रोत है भोजन के अंदर मौजूद पानी और
3. तीसरा स्रोत है मेटाबोलिक वाटर।

मेटाबोलिक वाटर शरीर के अंदर पैदा होता है विभिन्न शारीरिक क्रियाओं के दौरान। मूलतः जब फैट बर्न होता है तो पानी पैदा होता है।

सर्दियों के दौरान पानी की आवश्यकता अपेक्षाकृत कम होती है मगर गर्मियों के दौरान पसीना अधिक निकलने से प्यास ज्यादा लगती है।

खैर आप लोग तो फ्रिज या घड़े का पानी पीकर अपनी प्यास शांत कर लेते हैं मगर उन बेज़ुबान पंछियों का क्या?

## कहाँ जाएं वो पानी पीने?

चलो उनके लिए भी आप लोग किसी बर्तन में भरकर रख ही देते होंगे क्योंकि सोशल मीडिया पर पंछियों के लिए पानी का बर्तन भरकर रखने की हिदायत कई संवेदनशील महानुभाव देते रहते हैं।

हम बात करना चाह रहे हैं पालतू पशुओं की जिनसे हमारे किसान भाई आशा करते हैं कि रोज बाल्टी भरकर दूध दें।

दूध तो वह तभी देगी जब आप उसे पर्याप्त मात्रा में पानी पिलायेंगे। पानी भी ऐसा जिसे आप खुद पी सकें।

अक्सर देखा यह गया है कि किसान भाई अपने पशुओं को किसी भी तरह का पानी पिलाते रहते हैं। रुका हुआ, गंदगी युक्त पानी पिलाने से पशुओं को भांति-भांति के रोग लग सकते हैं।



पिलाए जाने वाले पानी का तापमान अगर शरीर के तापमान से बहुत कम या बहुत ज्यादा है तो भी यह नुकसान करता है। इसलिए कोशिश करें कि पशुओं को फ्रिज या घड़े का नहीं तो कम से कम ऐसा पानी पिलाएं जिसका तापमान सामान्य हो।

बहुत ज्यादा समय तक धूप में रहने से गर्म हो गया पानी बिलकुल न पिलाएं।

दूध में 87 प्रतिशत पानी होता है। इसलिए पानी की कमी होने का सबसे पहला प्रभाव दूध की पैदावार पर ही पड़ता है। अब ऐसा भी मत सोचने लगना कि ज्यादा पानी पिलाने से दूध ज्यादा पैदा होगा या गाय को दोष देने भी मत बैठ जाना कि ज्यादा पानी पिलाने से दूध पतला हो गया।

पानी पीकर गाय पतला दूध नहीं देगी। पतला तो दूधिया खुद करता है पानी मिलाकर। नाम गाय का लगा देता है।

और हां मेटाबोलिक वाटर की महत्ता है ऊंट में। उसकी पीठ के कूबड़ में जमा चर्बी का आक्सीडेशन होने पर पानी बनता है और यही पानी उसे कई-कई दिनों तक प्यास नहीं लगने देता।

इसके अलावा कुदरत ने ऊंट को क्या, हर जीवधारी को यह ताकत दी है कि वह पानी कम उपलब्ध होने की दशा में शरीर के अंदर मौजूद पेशाब में से फिर से पानी अवशोषित कर लेता है और उससे भी शरीर कुछ हद तक अपना काम चलाने की कोशिश करता है और इस कोशिश के बाद पेशाब कम आता है और अधिक पीला आता है।

यह एक किस्म का अडपटेशन है बाडी का मगर यह एक आध दिन के लिए तो ठीक है मगर रोज रोज यही नाटक चलने से आपकी किडनी नाटक करने लगेगी। पत्थरबाज हो जाएगी वह।

इसलिए गर्मी के इस मौसम में खुद भी पानी पिएं और औरों को भी पिलाएं। घर से निकलते समय पानी की बोतल लेकर निकलें।

**रहीम दास जी ने फरमाया है...**
**रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून।।**
**पानी गए ना उबरे, मोती मानस चून।।**

भावार्थ यह है.... रहीमदास जी कह रहे हैं कि घर से निकलते समय अपने पास पानी जरूर रखिये वरना बिना पानी सब सूना सूना लगेगा। हाथ पैर सुन्न हो जाएंगे आपके। अगर आपके पास पानी नहीं होगा तो आपको पानी के लिये कोई भी नहीं पूछेगा।

इसलिए मोती की तरह साफ पानी मानस अर्थात मनुष्यों को चुन चुन कर पिलाते चलिए। (स्वा. द.)


# स्वास्थ्यवर्धक है खरबूजा

चेतन चौहान

इन दिनों बाजार में खरबूजे की बहार है। खरबूजा देखने में आकर्षक तो है ही, इसकी सुगंध भी आपको तर कर देती है। खरबूजे में जहां पानी की भरपूर मात्रा होती है, वहीं इसमें कई गुण भी हैं। खरबूजे की मिठास तो बेहद मनमोहक व स्वादिष्ट होती है। वहीं खरबूजे में शुगर व कैलोरी न के बराबर होती है। खरबूजे में एंटी आक्सीडेंट प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

खरबूजे का सेवन शरीर को शीतलता प्रदान करता है, वहीं शारीरिक जलन को भी दूर करता है। किडनी को स्वस्थ रखने में खरबूजा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अतः प्रतिदिन खरबूजा खाएं। खरबूजे में विटामिन 'सी' की मात्रा प्रचुर होती है।

खरबूजे में बीटा कैरोटिन, पोटाशियम, फोलिक एसिड व विटामिन 'ए' भी पाया जाता है। खरबूजा खाने से कैंसर व विशेष रूप से लंग कैंसर' का बचाव होता है। कभी-कभी पसीने के कारण पानी की कमी से 'लो ब्लडप्रेशर' महसूस करते हैं। ऐसे में खरबूजा खाने से निजात मिल जाती है।




गर्मी के दिनों में उलटी व अपच जैसी समस्या से प्रायः लोग त्रास्त हो जाते हैं। ऐसी स्थिति में खाली पेट खरबूजे का प्रातःकाल सेवन करें। शीघ्र राहत मिलेगी व पानी की कमी दूर होगी। आज ज्यादातर लोग बी.पी से परेशान रहते हैं उन्हें प्रतिदिन एक खरबूजा खाना चाहिए। खरबूजे में मौजूद पोटेशियम शरीर से सोडियम बाहर निकाल कर बी.पी कंट्रोल करने में सहायक होता है।

पीरियड्स के दिनों में अक्सर महिलाओं में कमजोरी, थकान व दर्द की परेशानियां रहती हैं इसलिए वे रोजाना खाना खाने के बाद खरबूजा अवश्य खाएं। रात में अच्छी नींद लेने के लिए सोने से आधा घंटे पूर्व इच्छानुसार खरबूजे की तीन चार फांकें अवश्य खाएं। पानी न पिएं।

खरबूजा खाने से वजन भी कम होता है। खरबूजे में भरपूर फाइबर पाया जाता है। इसलिए खाना कम व खरबूजा खाने से पेट भरा-भरा रहेगा। खरबूजे में रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है। इसमें बीटा-कैरोटीन हमारे हार्ट को भी स्वस्थ रखता है व खून में फैट्स बढ़ने से रोकता है।

पेट में जलन व कब्ज के रोगी कम से कम 300 ग्राम खरबूजे का सेवन खाली पेट करें, लाभ होगा। पैर के तलवों में जलन से बचने के लिए खरबूजे के गूदे से बीज निकालकर तलवों में मलें। ठंडक का अहसास होगा। खरबूजे के गूदे से बीज अलग कर धो कर सुखा लें व छीलकर इन्हें पीसकर दूध में मिलाकर पीने से शारीरिक कमजोरी दूर होती है। कुल मिलाकर खरबूजे की तासीर शीतल होती है व गर्मी के मौसम में शारीरिक गर्मी शांत करने के लिए व अनेक रोगों से छुटकारा पाने के लिए परिवार के सभी सदस्य खरबूजा अवश्य खाएं व फिट रहें। (स्वा. द.)

# बालों की खूबसूरती के लिए हर्ब्स



नीतू गुप्ता

तनाव और प्रदूषण भरे वातावरण ने हमारी त्वचा के साथ-साथ बालों पर भी दुष्प्रभाव डाला है। बालों का टूटना,झड़ना, खुश्क होना, बालों में संक्रमण,असमय पकना जैसी समस्याएं किसी न किसी रूप से अपना प्रभाव छोड़ रही हैं। बालों की इन समस्याओं से दूर रहने के लिए हम कुछ हर्ब्स का प्रयोग कर छुटकारा पा सकते हैं-

ब्राह्मी- बालों को मजबूती और मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करता है ब्राह्मी का प्रयोग। इसका प्रयोग सेवन करके या बालों में लगाकर सकते हैं। इससे रूसी की समस्या से छुटकारा मिलेगा और बाल भी मजबूत होंगे।

मेथी:- वैसे मेथी का प्रयोग रसोई में मसाले के लिए किया जाता है और डायबिटिज को नियंत्रण करने में भी इसका चूर्ण और रात्रि में इसके दाने भिगोकर पानी पीने के लिए किया जाता है। मेथी में प्रोटीन और निकोटीन पर्याप्त मात्रा में होता है जो बालों के झड़ने की समस्या को दूर करने में मदद करता है और बालों को मजबूत भी बनाता है।

बालों के रोमछिद्र संबंधी समस्या को भी दूर करने में मदद करता है। मेथी पाउडर तेल मे मिलाकर आप बालों की मालिश कर सकते हैं। मेथी पाउडर रात्रि में भिगोकर सुबह पीस लो उस पेस्ट को बालों पर लगा सकते हैं। सरसों के तेल में मेथी दाने को जलाकर तेल छान लें। उस तेल से भी बालों की जड़ों में मालिश करना लाभप्रद है।

शिकाकाई:- शिकाकाई का प्रयोग रीठे और आंवले के साथ मिलाकर करने से शैंपू की आवश्यकता नहीं पड़ती। इससे बाल साफ होते हैं। यह शैंपू प्रकृति की देन है। शिकाकाई में विटामिन सी, प्रोटीन और एंटीआक्सीडेंट होने के कारण सिर की त्वचा रूखी नहीं होती। रीठे की मात्रा काफी कम रखें।

आंवला- आंवले में उपस्थित विटामिन सी और फैटी एसिड बालों की लंबाई बढ़ाता है, दोमुंहे बालों को रोकता है और साथ ही बालों का टूटना भी कम करता है। बालों में प्राकृतिक रंगत भी बनाए रखता है। आंवले पाउडर को तेल में मिलाकर पेस्ट बनाकर बालों की जड़ों में लगाएं। थोड़ी देर में हल्का शैंपू कर लें।

जटामांसी:- यह भी एक जड़ी बूटी है जिसको नारियल के तेल के साथ उबाल कर ठंडा होने पर सोने से पहले बालों में मालिश नियमित करने से असमय बालों का पकना और झड़ना रूकता है।

हिबिस्कस - इसके फल में विटामिन सी, कैल्शियम और वसा भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके प्रयोग से रूसी से छुटकारा मिलता है। बाल सुंदर और मजबूत बनते हैं। इसे सुखाकर पाउडर बना कर मेंहदी के साथ लगाएं। फूलों को उबालकर उस पानी को बालों पर लगा रहने दें, बाद में सिर धो लें।

भृंगराज:- बालों की सुंदरता बढ़ाने के लिए इस जड़ी बूटी का प्रयोग हेयर केयर उत्पादों में किया जाता है । इसके प्रयोग से बाल सुंदर,मजबूत होते हैं और रूसी की समस्या से राहत मिलती है।

एलोवेरा:- एलोवेरा को आसानी से घर पर उगाया जा सकता हे। इसके प्रयोग से बाल स्मूद और चमकदार बनते हैं। एलोवेरा एक अच्छा कंडीशनर भी है। इसके जेल को बालों की जड़ों में लगाएं और थोड़ी देर बाद बाल धो लें। बालों को प्राकृतिक रूप से नमी प्रदान करता है।

नीम:- सभी जानते हैं नीम एक चमत्कारी पेड़ है जिसके पत्ते, पत्तियां, फल,छाल,टहनी सभी में औषधीय गुण पाए जाते हैं। यह बालों के लिए अच्छा कंडीशनर है। नीम की पत्तियों के पेस्ट में शहद मिलाकर लगाने से डैंड्रफ दूर होती है, बाल नर्म और चमकदार बनते हैं। नीम की पत्तियों को उबालकर बाल धोने से सिर की त्वचा में हुए इंफेक्शन से भी छुटकारा मिलता है। (स्वा. द.)

# ग्रीष्म ऋतु में खान पान



उमेश कुमार साहू

ग्रीष्म ऋतु के दिनों में खाने-पीने के मामले में लापरवाही करना बीमारी को न्यौता देना होता है। इस ऋतु में खान-पान संबंधी निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखकर उचित आहार-विहार करके स्वास्थ्य और शरीर की रक्षा की जा सकती है।

इस ऋतु में तेज मिर्च मसालेदार, खट्टे, उष्ण प्रकृति के पदार्थों का, मांसाहारी भोजन व अण्डों का तथा शराब का सेवन करने से अम्लता (एसिडिटी,) अम्ल पित्त, अल्सर, उच्च रक्तचाप, पेशाब में रूकावट और जलन आदि अनेक व्याधियां उत्पन्न होती हैं। अतः इन सबके सेवन का त्याग करना चाहिए।

बाजार में शीतल पेयों का प्रयोग न करके घर पर ही शीतल पेय तैयार कर प्रयोग करें, जैसे-नींबू की शिकंजी, ठण्डाई, मौसमी या संतरे का रस, अंगूर का रस, गन्ने का रस आदि। बाजार में मिलने वाले पेयों की गुणवत्ता का कोई भरोसा नहीं। उनमें मिलावट हो सकती है और हानिकारक तत्व भी हो सकते हैं।


दिन भर में 8-10 गिलास पानी 1-1 घंटे के अंतर से बिना प्यास के भी पीने चाहिए। इससे शरीर में उष्णता और जलन नहीं होती, पेट, आंतें व मूत्राशय शुद्ध होता रहता है, मुंह नहीं सूखता, पेशाब में रूकावट और जलन नहीं होती, होंठ नहीं फटते और भूख खुलकर लगती है।

इन दिनों में अनाज का अंकुरण शीघ्र होता है अतः चना, गेहूं, मूंग, मोठ आदि को अंकुरित करके प्रातः नाश्ते में सेवन करना चाहिए। अंकुरित अन्न में हरा धनिया, पिसी काली मिर्च व सेंधा नमक बुरक लें एवं नींबू निचोड़ कर सेवन करें। अंकुरित अन्न अत्यंत पौष्टिक और सुपाच्य होता है।

घर से जब भी बाहर जाएं, तब एक गिलास ठण्डा पानी पीकर ही निकलें। इससे प्यास का वेग नहीं बढ़ता और लू से बचाव होता है। जेब में प्याज रखने से भी लू से बचाव होता है।

इस ऋतु में आम का पना, धनिया व पुदीने की चटनी तथा दही में जीरा व काला नमक डाल कर खाना स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। दूध चावल की खीर अवश्य खानी चाहिए।(स्वा. द.)

# तनाव दूर भगाने के आसान सूत्र



नीतू गुप्ता

तनाव आधुनिक युग की देन है। इसकी चपेट से कोई भी अछूता नहीं है। कोई असफल होने पर तनावग्रस्त हो जाता है तो कोई जीवन से निराश रहने पर। किसी न किसी रूप में तनाव मनुष्य को घेरे रहता है। इसके लिए हमें ढूंढना होगा कि हमारे तनाव के क्या कारण हैं और उनके समाधान ढूंढने का प्रयास कर इस पर कुछ हद तक नियंत्राण पाना संभव हो सकता है। आइए देखें कुछ उपाय जिनसे तनाव पर काबू पाया जा सके।

भय, आतंक, क्रोध, ईर्ष्या व दुख नकारात्मक मनोवेग हैं। इन मनोवेगों से मन को उबारने का प्रयास करें। यदि मन इन मनोवेगों में उलझ कर रह जायेगा तो इंसान कुंठाग्रस्त होता चला जायेगा। उससे छुटकारा पाने के लिए सोच को सकारात्मक बनाएं। अच्छी सोच मनुष्य को सफलता के द्वार तक ले जाती है। अपने रूचिकर एवं उपयोगी कार्यों को करें और तनावमुक्त रहें।

यह सच है कि खुशी दुखों को दूर करती है इसलिए अपने स्वभाव में कड़वाहट के स्थान पर मुस्कुराहट भरें। खुश रहने वाला इंसान हर कार्य को मनोयोग से करता है। वह कार्य को बोझ नहीं समझता। दुःख, अशान्ति और असंतोष की बातें न करें। इससे स्वयं भी दुःखी होंगे और दूसरों को भी दुःखी करेंगे। खुश रहना अपने आप में एक टॉनिक है। इसलिए इस टॉनिक का पूरा लाभ उठायें और दूसरों में भी खुशी बांटें।

जो लोग लगातार मानसिक कार्य करते हैं वे भी शीघ्र तनावग्रस्त हो जाते हैं इसलिए कुछ भी मानसिक या श्रमिक काम लगातार न कर थोड़ा विश्राम अवश्य करें और काम परिवर्तन भी करते रहें। जब कभी शांत मन से बैठें तो काम को सरल रूप से निपटाने के ढंग सोचें और उन्हें व्यवहार में लाने का प्रयास करें। समय के साथ जिन परिवर्तनों की आवश्यकता हो, उन्हें करने में हिचकिचाएं नहीं।

मानसिक तनाव को कम करने के लिए मालिश भी एक कारगर उपाय है। मानसिक तनाव होने पर सिर की मालिश अवश्य करवाएं। तनाव कम होगा। वैसे में दवाओं से परहेज करें जब तक उन्हें लेना अनिवार्य न हो जाए। मानसिक तनाव नींद पूरी न होने के कारण भी होता है। प्रयास कर अपनी नींद पूरी करें। ध्यान रखे कि सोते समय किसी ऐसे विषय पर अधिक विचार न करें, न ही अधिक सोचें जो तनाव को बढ़ावा दें और नींद में विघ्न डाले। शांत मन से सोएं और प्रातः तरोताजा उठें। इससे तनावों का शमन होता है।

गलत आहार भी मानसिक तनाव को बढ़ाने में मदद करता है। जो लोग अक्सर तनावग्रस्त रहते हैं, उनका खान पान भी सही नहीं होता। उचित संतुलित आहार तनाव को कम करता है। कम मसालेदार भोजन करें। अधिक तला हुआ भोजन न करें। अंकुरित दालों, ताजे फल सब्जियों और सलाद को नियमित भोजन का अंग बनायें।

मन को प्रसन्न रखने के लिए कार्य विषय और वातावरण बदलते रहें। किसी भी काम से आप ऊब रहे हों तो उस पर अपना ध्यान केन्द्रित न करें। माहौल और विषय बदलने से आपका ध्यान बंटेगा और आप तनावमुक्त रहेंगे। छुट्टी का पूरा आनन्द लें। उस दिन अधिक काम में न उलझें। कभी-कभी कहीं घूमने का प्रोग्राम बनाएं। मन पसंद संगीत सुनें, पुस्तकें पढ़े और आराम करें। ये सब छोटी-छोटी बातें मूड को तो अच्छा बनाती है, साथ-साथ इस छोटे से जीवन को तनावमुक्त भी रखती हैं।

प्रकृति के इस भौतिकवादी समय में संतोषी होना बहुत बड़ी देन है। जितना आप भौतिक वस्तुओं के पीछे भागेंगे, उतना ही तनाव बढ़ेगा, इसलिए धन कमाने के पीछे पागल न हों। उतना ही कमाने का प्रयास करें जितना निर्वाह के लिए आवश्यक हो।

प्रतिकूल परिस्थितियों में अपना विवेक न खोयें। उनसे भागने का प्रयास न करें। उन पर कैसे काबू किया जाए, इस पर विचार कर परिस्थितियों का सामना करें। जब आप प्रतिकूल परिस्थितियों को काबू पाने में सफल हो जायेंगे तो आपका मन बहुत शान्त और तनावमुक्त रहेगा। उन परिस्थितियों से ईमानदारी से निपटने का प्रयास करें। इससे आपकी ईगो भी शांत होगी।

नियमित रूप से व्यायाम और योगासनों का अभ्यास करें। इससे मन एकाग्र होता है और शांत रहता है। (स्वा. द.)

# संतुलित खानपान से बढ़ता है सौंदर्य

सीतेश कुमार द्विवेदी

कृत्रिम एवं बनावटी सौंदर्य प्रसाधन क्रीम, पाउडर आदि से मिला सौंदर्य अल्पकालिक एवं बनावटी होता है जबकि संतुलित खानपान से मिला सौंदर्य वास्तविक एवं टिकाऊ होता है। त्वचा से लेकर समस्त शरीरांगों पर हमारे खानपान की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है।

भोजन के माध्यम से हमारे शरीर के भीतर जो पहुंचता है वही शरीर पर झलकता है। शरीर के सभी अंगों की कार्यक्षमता इसी पर निर्भर है। त्वचा को रंग रूप, चमक इसी से मिलता है।

चेहरे की मुख्य समस्या त्वचा से पपड़ी निकलना, चिपचिपी होना, निस्तेज दिखना, कील, मुहांसे, झाइयां होना है। इन सबको पौष्टिक संतुलित भोजन एवं सही दिनचर्या से ठीक किया जा सकता है। शरीर के लिए सही आहार विहार आवश्यक है। उसकी सही देखभाल जरूरी है। त्वचा की रंगत इसी पर आश्रित है। सही शरीर एवं चमकदार नम त्वचा के बिना सौंदर्य अपूर्ण रह जाता है।

त्वचा पर पपड़ी बनना:- त्वचा के शुष्क होने से उस पर से पपड़ी बनकर उतरना आरंभ हो जाता है। यह शरीर में लूरीन नामक अधातु तत्व की कमी को प्रकट करता है। इसकी कमी से त्वचा की चमक कम हो जाती है। भोजन को बार-बार गरम करने से उसमें मौजूद लूरीन तत्व नष्ट हो जाता है। ऐसी स्थिति में कच्ची सब्जियां खाएं और ताजे फलों का सेवन ज्यादा करें। पत्ता गोभी, घर का बना पनीर खाना चाहिए। इसमें लूरीन की पर्याप्त मात्रा होती है। यह त्वचा की रंगत में सुधार लाता है। इसके अलावा भोजन को बार-बार गर्म करने से बचना चाहिए।

त्वचा चिपचिपी होना:- प्राकृतिक सोडियम की कमी से त्वचा चिपचिपी हो जाती है। यह नमक के रूप में हमें खानपान से मिलता है। यह सोडियम समस्त खाद्य पदार्थों में मूल रूप से मौजूद होता है। बाजार में मिलने वाले नमक में भी सोडियम होता है। इसकी तुलना में खाद्य पदार्थों का सोडियम अर्थात् नमक अधिक लाभदायी होता है। इसी सोडियम की कमी से त्वचा चिपचिपी होती है। उसमें झुर्रियां जल्द आती हैं।



खीरा एक ऐसी सब्जी/फल है जिसमें अत्यधिक सोडियम है। बिना छिलका उतारे खीरे के सेवन से शरीर में सोडियम की कमी दूर हो जाती है। इसके साथ ही साथ खीरा शरीर को ठंडा भी रखता है। शरीर में पानी पहुंचाता है। यह सर्वाधिक जलांश वाली सब्जी है। यह सलाद, रायता, सब रूप में उपयोगी है। यह पेट के रोगों को भी दुरूस्त करता है।

त्वचा पर ददोरा होना:- शरीर में सिलोकोन नामक तत्व की कमी से त्वचा पर ददोरे निकलते हैं। अंकुरित दाल, जौ, टमाटर, पालक, अंजीर, स्ट्राबेरी आदि जैसे खाद्य पदार्थों में सिलोकोन तत्व उपस्थित हैं। इनका सेवन करना चाहिए। हरी पत्तेदार सब्जियां त्वचा को फटने से बचाती हैं।

त्वचा की अन्य समस्याएं:- त्वचा में कील, मुंहासे निकलना, झाई पड़ना, निस्तेज दिखना, विषैले तत्वों के शरीर में एकत्रा होने एवं पानी की कमी से आरंभ होते हैं। ये विषैले तत्व टाक्सिंस के नाम से जाने जाते हैं। किडनी इन्हें शरीर से बाहर निकालती है। पानी की कमी से ये शरीर में जमा होकर अपना दुर्गुण दिखाते हैं। किडनी की कार्यक्षमता पानी पर निर्भर है। पर्याप्त पानी पीने, जलांश वाली सब्जी एवं फल के खाने से विषैले तत्व शरीर से बाहर निकलते हैं एवं त्वचा की समस्या दूर होती है।

कील मुंहासों को दूर करने हेतु तेज मिर्च, मसाले, तेल एवं तली भुनी चीजों से दूर रहें। भोजन का पाचन सही हो। कब्ज, अपच, अम्ल, गैस की परेशानी न हो। भोजन ताजा, सादा, सुपाच्य संतुलित एवं पौष्टिक हो। इसमें ताजे फल, सब्जी, सूप, रायता, जूस आदि शामिल हो। दिनचर्या सही हो। देर रात तक जागने से बचें। जल्द सोएं एवं जल्द जागें।

शांत व संतुलित रहें। नमक, शक्कर, तेल, घी की मात्रा न्यून कर दें। भोजन में दूध, दही, पनीर एवं फल, सब्जी के माध्यम से कैल्शियम एवं अन्य खनिज तत्वों की सही मात्रा मिले।

**ध्यान रखें:-**


- भोजन सदैव सही व संतुलित हो।
- पर्याप्त पानी पिएं।
- तेल, घी, नमक, शक्कर कम हो।
- तली भुनी चीजें न खाएं।
- जंक फूड व फास्ट फूड से बचें।
- सभी ड्रिंक्स से दूर रहें।
- धूम्रपान व नशापान न करें।
- ताजे मौसमी फल सब्जी पर्याप्त लें।
- 7-8 घण्टे की नींद लें।
- व्यायाम करें। आलस से बचें।
- सूर्य की तेज किरणों व विकिरण से बचें।
- भोजन सभी पोषक तत्वों वाला हो।
- तनाव, क्रोध, दुख आदि सभी मनोभावों से बचें
- चित्त, स्थिर रखें, शांत रहें।
- सदैव हंसते मुस्कुराते रहें।

(स्वा. द.)

# ज्वर कोई गंभीर समस्या नहीं

सुनीता गाबा

ज्वर या बुखार होना कोई बड़ी समस्या तो नहीं पर कभी-कभी तेज ज्वर या कई दिन तक रहने वाला ज्वर समस्या का कारण बन सकता है। वैसे तो ज्वर अपने आप में कोई बड़ी बीमारी नहीं है फिर भी इसे हल्का न लेते हुए कुछ उपयोगी बातों को ध्यान में रखना चाहिए।



- ज्वर कई कारणों से हो सकता है जैसे सर्दी जुकाम होने पर, थकावट होने पर, पेट खराब होने पर। अधिक देर धूप पर रहने से भी ज्वर हो जाता है। ज्वर का कारण जानते हुए दवा का सेवन करें।
- तेज ज्वर शरीर में इंफेक्शन होने के कारण होता है। ऐसे में ज्वर तेजी से बढ़ता है। वैसे सब के शरीर का तापमान अलग अलग होता है।
- रोगी का ज्वर बार-बार नापने की आवश्यकता नहीं होती। 2 घंटे के अंतराल में बुखार नापें। कई दिन तक लगातार बुखार रहने पर ज्वर नापने का समय निश्चित कर रखें ताकि आप चिकित्सक को बता सकें कि दिन में किस समय बुखार तेज होता है और कब कम होता है।
- तेज बुखार होने पर दवा चिकित्सक की सलाह से लें ताकि रोगी आराम महसूस कर सके क्योंकि तेज ज्वर शरीर को तोड़ डालता है।
- बुखार में शरीर को आराम देना बहुत जरूरी होता है। जब बुखार कम हो जाए तो रोगी उस समय बैठ सकता है और ताजी हवा में बाहर भी बैठ सकता है। रोगी को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह स्वयं को थकाए नहीं।
- बुखार अधिक तेज हो तो मौसम अनुसार पानी से स्पंज बाथ देना शुरू कर दें। कंपकंपी होने पर नार्मल पानी से स्पंज बाथ करें। यदि रोगी को बुखार कम करने की दवा दी हो तो 30 मिनट से एक घंटे तक इंतजार करें। रोगी के खानपान पर ध्यान दें। रोगी को आसानी से पचने वाले खाद्य पदार्थ दें। फल आदि भी बीच-बीच में दें।
- रोगी को तरल पदार्थ अधिक दें और पानी भी ताकि रोगी आसानी से मूत्रा त्याग कर सके। हृदय रोगी और गुरदे के रोगी को तरल पदार्थ डॉक्टर की सलाह पर दें।
- बुखार वाले रोगी का बिस्तर साफ रखना चाहिए और स्पंज करवा कर प्रतिदिन रोगी के वस्त्रा बदल देने चाहिएं।
- रोगी को रोशनी और हवादार कमरे में सुलाना चाहिए।
- साधारणतया वायरल ज्वर पांच से सात दिन तक रहता है। अधिक दिन होने पर डॉक्टर के परामर्श अनुसार जांच करवानी चाहिए।
- ज्वर एक गंभीर रोग न होने पर भी हमें सावधान रहना आवश्यक हैं। (स्वा. द.)

# बढ़ती गर्मी में लगी लू का कारण व निवारण

वी.के. राघव

वर्तमान में बढ़ती गर्मी पूर्ण यौवन पर है। चिलचिलाती धूप व अधिक गर्मी में जहां एक कदम भी चलना कठिन है, वहां लू के थपेड़ों के शिकार होने पर कभी-कभी भयंकर स्थिति का सामना भी करना पड़ जाता है। इतना ही नहीं, लू लगने पर मृत्यु तक हो जाती है।

गर्मी में घर से निकलने से पूर्व अच्छी प्रकार पानी पीना चाहिए। पेट में पानी की कमी नहीं आने देनी चाहिए क्योंकि बिना पानी पिए घर से निकलने पर जल्दी लू लगने का अंदेशा रहता है। सिर पर कपड़ा रखकर या टोपी पहनकर निकलने से तेज धूप या लू के थपेड़ों से बचा जा सकता है। छोटे बच्चों को कदापि तेज धूप में नहीं निकलने देना चाहिए।

कुछ लोग पानी से गीला कपड़ा सिर पर रखकर धूप में चलते है जो बहुत ही हानिकारक है। ऐसा करने से 'सिरसाम' रोग होने का खतरा बना रहता है। हमेशा सूखा कपड़ा ही सिर पर रखकर और खूब पानी पी कर ही घर से निकलना चाहिए। इससे लू या गर्मी का भय कम रहता है।

लू लगना व गर्मी लगना दोनों अलग-अलग पहलू हैं। आपके देर तक धूप में रहने से 'लू' लग जाती है और किसी भी प्रकार की तेज गर्मी में अधिक देर तक रहने से गर्मी लगना कहा जाता है।

ऐसी स्थिति में शरीर का ताप अत्यन्त तेजी से बढ़ता है, जी मिचलाने लगता है, सिर में दर्द होने लगता है, चेहरा लाल होने लगता है, प्यास अधिक लगती है, सांस लेते समय रोगी हांफने लगता है और बैचेनी होने लगती है।

शरीर में लगी गर्मी या लू का त्याग शरीर आसानी से नहीं कर पाता। इसलिए प्राथमिक चिकित्सा का सहारा लेना जरूरी है ताकि शरीर की गर्मी कम हो सके। अतः लू लगे व्यक्ति (रोगों) को ठण्डे व छायादार स्थान पर आराम कराना चाहिए, उसके कपड़ों को ढीला कर देना चाहिए या उतार देना चाहिए।

जब कभी भी किसी को लू लग जाये तो रोगी को छायादार हवा में लिटाकर प्राथमिक उपचार करें। रोगी को नींबू, अदरक व पुदीने का रस देना भी लाभप्रद है। कभी-कभी इन्हीं के कारण भयंकर स्थिति से बचा जा सकता है। (स्वा. द.)

# गुजरात पुलिस ने 362 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ा

**गांधीनगर:** गुजरात पुलिस ने राज्यभर से 362 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ा है और 780 अन्य संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने यहां पत्रकारों से कहा कि 'ऑपरेशन डेल्टा हंट' के तहत की गई कार्रवाई की सुनियोजित योजना बनाई गई थी और इसमें राज्य के सभी हिस्से शामिल थे। उन्होंने कहा, ''कुल मिलाकर 6,200 से अधिक व्यक्तियों की पृष्ठभूमि की जांच की जा रही है। इनमें से अब तक 362 लोगों की पहचान (अवैध) बांग्लादेशी नागरिकों के रूप में की गई है और आने वाले दिनों में जांच जारी रहेगी।'' संघवी ने कहा कि पुलिस की एक टीम उन लोगों के खिलाफ भी जांच कर रही है जिन्होंने इन प्रवासियों को आवास प्रदान किया या अनिवार्य पुलिस सत्यापन के बिना उन्हें काम पर



रखा। मंत्री ने कहा कि पुलिस दलों ने पिछले 72 घंटों से अधिक समय तक अथक परिश्रम किया और अवैध प्रवासियों का पता लगाने के लिए तकनीकी निगरानी के साथ-साथ मानवीय खुफिया जानकारी का उपयोग करते हुए एक व्यापक रणनीति अपनाई। उन्होंने कहा कि अधिकांश अवैध बांग्लादेशी नागरिक मजदूरी जैसे कार्यों में लगे हुए थे और इनकी सबसे अधिक संख्या अहमदाबाद, सूरत, राजकोट, वडोदरा और भरूच में पाई गई। अहमदाबाद पुलिस के अनुसार, शहर में ऐसे 300 लोगों को पकड़ा गया और उनमें से 66 लोगों के अवैध प्रवासी होने की पुष्टि अब तक हो चुकी है। संघवी ने कहा, ''डांग जिले में भी एक अभियान चलाया गया, जिसमें पांच संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।'' उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा छापेमारी के दौरान रेलवे स्टेशनों, बस टर्मिनल, राजमार्गों और जिला सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखी गई। उन्होंने कहा कि गुजरात से भागने की कोशिश करते समय कम से कम 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मंत्री ने कहा, ''यह एक सुनियोजित अभियान था। जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, अवैध प्रवासियों की संख्या में काफी वृद्धि होने की आशंका है।''

## निर्भया सेना का स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न

**महाराष्ट्र, समाज्ञा :** निर्भया सेना का स्थापना दिवस समारोह पुणे में भव्यता के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश मिश्रा उर्फ बाबा के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में निदेशक कार्मिक रेलवे बोर्ड रेनू शर्मा मुख्य अतिथि, एस के अलवेला साहब, वी के पंजियार एवं अरुण कुमार राय उपस्थित थे। उसमें रेल से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मित्रों साथ ही आर पी एफ. एवं जी आर पी. सबका सहयोग मिल रहा है।//

## अन्नामलाई के इस्तीफे की अटकलों के बीच, भाजपा कार्यकर्ताओं की स्पष्टीकरण की मांग, पोस्टर लगाये गए



**चेन्नई:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के पूर्व अध्यक्ष के. अन्नामलाई के पार्टी छोड़ने की अटकलों के बीच पार्टी कार्यकर्ताओं, विशेषकर युवा मोर्चा के सदस्यों ने बुधवार को पार्टी नेतृत्व से स्थिति पर आधिकारिक स्पष्टीकरण देने का अनुरोध किया। अन्नामलाई के भाजपा से बाहर अपना राजनीतिक रास्ता चुनने के रुख का समर्थन करते हुए उनके समर्थकों ने मदुरै में पोस्टर लगाए, जिनमें पूर्व प्रदेश अध्यक्ष को अभिनेता रजनीकांत और अजित के साथ हाथ मिलाते हुए दिखाया गया है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव आर. योगेश ने कहा, अन्नामलाई के पार्टी छोड़ने की अफवाहों के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों के बीच भ्रम की स्थिति है। कई लोग चिंतित हैं और कुछ पार्टी से दूरी बनाने पर भी विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व को इस महत्वपूर्ण समय में कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करने के लिए त्वरित कदम उठाने चाहिए। योगेश ने 'एक्स' पर कहा कि प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन को वीडियो संदेश या आधिकारिक पत्र जारी करके स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नेतृत्व की स्पष्टता से गलत सूचनाओं को रोका जा सकता है, विश्वास बहाल किया जा सकता है और कार्यकर्ताओं को एकजुट रखा जा सकता है।

## कुमार मंगलम बिड़ला आरएसएस प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे

**नागपुर:** उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। आरएसएस ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि संघ प्रमुख मोहन भागवत इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता होंगे। वार्षिक 'कार्यकर्ता विकास वर्ग-द्वितीय' 11 मई को रेशिमबाग में डॉ. हेडगेवार स्मृति भवन परिसर में शुरू हुआ था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि देशभर से आरएसएस के लगभग 880 स्वयंसेवक इस शिविर में भाग ले रहे हैं, जिसमें सामाजिक जागरूकता और सामाजिक परिवर्तन पर केंद्रित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है।

## बीजीबी से भारतीयों पर बांग्लादेशियों के हमलों समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेगा बीएसएफ

**नयी दिल्ली:** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बुधवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश के सीमा सुरक्षा बलों के प्रमुखों के बीच दिल्ली में होने वाली बैठक में बीएसएफ के जवानों और भारतीय नागरिकों पर बांग्लादेशी नागरिकों के हमलों, अपराधियों के सीमा पार से प्रवेश को रोकने और बांग्लादेशियों द्वारा सीमा पार करने जैसी समस्याओं पर चर्चा होगी। बीएसएफ और बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश (बीजीबी) के बीच महानिदेशक स्तर का 57वां द्विवार्षिक सीमा समन्वय सम्मेलन 8 से 11 जून तक लोधी रोड स्थित बीएसएफ मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। बीएसएफ के अनुसार, भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीएसएफ के महानिदेशक प्रवीण कुमार जबकि बीजीबी की टीम का नेतृत्व उसके महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी करेंगे। बीएसएफ ने एक बयान में कहा, सम्मेलन के दौरान बीएसएफ जवानों और भारतीय नागरिकों पर बांग्लादेशी नागरिकों के हमलों को रोकने, सीमा पार अपराधों की रोकथाम, बांग्लादेशी अपराधियों के भारत में प्रवेश को रोकने, सीमा पार करने की घटनाओं और बाड़ निर्माण से संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी।

## अदालत ने धनशोधन मामले में जैकलीन, सुकेश के खिलाफ आरोप तय किये

**नयी दिल्ली:** दिल्ली की एक अदालत ने 200 करोड़ रुपये के धनशोधन मामले में बुधवार को अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीस, कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर और 15 अन्य के खिलाफ औपचारिक रूप से आरोप तय कर दिए। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज एक अलग मामले में अदालत ने चंद्रशेखर और 20 अन्य के खिलाफ भी विभिन्न अपराधों के तहत आरोप तय किए, जिनमें कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के तहत आने वाले अपराध भी शामिल हैं। चंद्रशेखर, जैकलीन और कई अन्य आरोपी बुधवार दोपहर अदालत में पेश हुए। आरोपियों ने आरोप खारिज करते हुए अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजी) प्रशांत शर्मा के समक्ष मुकदमे का सामना करने की बात कही। अदालत ने 30 मई को दो अलग-अलग आदेशों के जरिये दोनों मामलों में आरोप तय करने का निर्देश दिया था और कहा था कि प्रथम दृष्टया आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त सबूत मौजूद हैं। विशेष प्रकोष्ठ द्वारा दर्ज और



बाद में आर्थिक अपराध शाखा द्वारा जांच किए गए मामले में, न्यायाधीश ने चंद्रशेखर के खिलाफ खुद को लोकसेवक के रूप में पेश करने, जबरन वसूली, धोखाधड़ी, आपराधिक धमकी, आपराधिक साजिश समेत विभिन्न आरोप तय करने का आदेश दिया। इसके अलावा, अदालत ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) अधिनियम तथा मकोका (महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण कानून) की धाराओं के तहत आरोप तय करने का भी आदेश दिया।

## जब कानून लागू करने वाले ही जबरन वसूली करने लगें, तो नागरिक संदेह की नजर से देखने लगते हैं : न्यायालय

**नयी दिल्ली:** उच्चतम न्यायालय ने जबरन वसूली के आरोपी तीन पुलिस अधिकारियों को दी गई अग्रिम जमानत रद्द करते हुए कहा है कि जब कानून लागू करने वाले अधिकारी ही जबरन वसूली करने वाले बन जाते हैं, तो नागरिक संदेह की नजर से देखतें है और दुविधा में पड़ जाते हैं। न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने बंबई उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश को 'अस्पष्ट'' बताते हुए रद्द कर दिया। पीठ ने कहा, ''जब कानून लागू करने वाले अधिकारी जबरन वसूली करने वाले बन जाते हैं, तो नागरिक संदेह की नजर से देखने लगते हैं। विरोध करना तत्काल प्रतिशोध को न्योता देना है और एकमात्र विकल्प वर्दीधारी अधिकारियों के सामने चुपचाप आत्मसमर्पण करना है, भले ही स्पष्ट रूप से दुर्व्यवहार हो रहा हो।'' इस मामले में, शिकायतकर्ता अपनी बेटी के साथ मुंबई से हापा दुरंतो एक्सप्रेस में यात्रा करने वाले थे। शिकायतकर्ता, उनकी बेटी और उन्हें



छोड़ने आए एक करीबी रिश्तेदार को रेलवे स्टेशन पर पुलिसकर्मियों ने हिरासत में ले लिया। यात्री के सामान की तलाशी के दौरान 14 ग्राम की सोने की छड़ और 31,900 रुपये नकद बरामद हुए। आरोप है कि संतोषजनक स्पष्टीकरण देने के बावजूद, एक पुलिसकर्मी तीनों को पास के एक कमरे में ले गया, जहां उन्हें धमकाया गया और अपशब्द कहे गए। उन्हें सोने की छड़ के बदले नकद देने के लिए मजबूर किया गया। शिकायतकर्ता ने प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसके बाद सत्र अदालत ने अधिकारियों की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। इस मामले में उच्च न्यायालय ने जांच के दौरान प्राप्त सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद तीनों अधिकारियों को अग्रिम जमानत दे दी थी।

## गुरुग्राम: गोमांस पकाने का वीडियो अपलोड करने पर बंगाली महिला गिरफ्तार



**गुरुग्राम:** हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस ने उस महिला को गिरफ्तार कर लिया है जिसने एक वीडियो अपलोड कर दावा किया था कि उसने पश्चिम बंगाल के नए मुख्यमंत्री के लिए गोमांस पकाया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि गुरुग्राम के चक्करपुर गांव में घरेलू सहायिका के तौर पर काम करने वाली पश्चिम बंगाल के दिनाजपुर की निवासी ज्योत्सना बीबी को कथित रूप से धार्मिक भावना आहत करने को लेकर गिरफ्तार किया गया है तथा उसका मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 30 मई को चक्करपुर पुलिस चौकी को कथित तौर पर गोमांस पकाने से संबंधित एक वीडियो के बारे में जानकारी मिली। चक्करपुर गांव के निवासी दिनेश यादव ने पुलिस से शिकायत करते हुए वीडियो दिखाया जिसमें संबंधित महिला कथित तौर पर यह कहती दिखी, 'मैंने आपके (पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री) लिए कुछ गोमांस पकाया है। आपने मुझे इस बार कुर्बानी नहीं करने दी।' शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने सेक्टर 29 थाने में प्राथमिकी दर्ज कर 30 मई को बीबी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि उसे यहां एक अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मंगलवार को बीबी के वकील ने जमानत अर्जी दायर की, लेकिन उसे (बीबी को) जमानत नहीं मिली। अर्जी पर सुनवाई करते हुए प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट सुमन की अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख आठ जून निर्धारित कर दी।

## कुंभ मेले से चर्चा में आई लड़की के पति को केरल उच्च न्यायालय ने जमानत दी

**कोच्चि:** केरल उच्च न्यायालय ने प्रयागराज कुंभ मेले के दौरान चर्चा में आई लड़की के पति को बुधवार को एक महीने की ट्रांजिट जमानत दे दी और कहा कि प्रथम दृष्टया युवती बालिग प्रतीत होती है। अदालत ने युवती के पति को जमानत दी ताकि वह अपने खिलाफ दर्ज अपहरण के मामले में मध्यप्रदेश की अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर कर सके। लड़की के पति मोहम्मद फरमान पर उसके अपहरण का आरोप है। मध्यप्रदेश पुलिस ने लड़की के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कराया है, जिन्होंने दावा किया है कि लड़की नाबालिग है। हालांकि, न्यायमूर्ति कौसर एडप्पागत ने लड़की के जन्म प्रमाण पत्र पर गौर करने के बाद कहा कि इसमें उसकी जन्म तिथि एक जनवरी, 2008 दिखाई गई है,



इसलिए प्रथम दृष्टया वह बालिग है। मध्यप्रदेश पुलिस की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने दावा किया कि लड़की नाबालिग है और उसका जन्म प्रमाण पत्र जाली है। अदालत ने राजू की दलील खारिज करते हुए कहा कि यह ''जांच का विषय' है। अदालत ने कहा, 'जन्म प्रमाण पत्र के अलावा, आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आ-वेदक संख्या 2 (कुंभ मेला से चर्चा में आई लड़की) का चुनाव पहचान पत्र और बैंक पासबुक यह दर्शाती है कि वह बालिग है और उसकी जन्मतिथि 1 जनवरी, 2008 है।'

# मुख्यमंत्री गुप्ता ने मालवीय नगर अग्निकांड के संबंध में डीएम से रिपोर्ट मांगी



**नयी दिल्ली:** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को दक्षिण दिल्ली के जिलाधिकारी (डीएम) से मालवीय नगर अग्निकांड की विस्तृत रिपोर्ट मांगी और चेतावनी दी कि अगर कोई ला-परवाही पाई गई तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मालवीय नगर के हौज रानी स्थित 'फ्लोरिश स्टे बी एंड बी' होटल में आग लगने से 21 लोगों को मौत हो गई जिनमें 11 विदेश नागरिक हैं। दिल्ली सरकार के अधिकारियों के अनुसार, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (दक्षिण) के आपातकालीन संचालन केंद्र (ईओसी) को मालवीय नगर के हौज रानी इलाके में स्थित होटल में आग लगने की सूचना सुबह 8.52 बजे मिली। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार, आपातकालीन प्रतिक्रिया एजेंसियों को तुरंत सूचित किया गया। घटनास्थल पर पहुंचने वाले पहले दल ने देखा कि होटल भीषण आग की चपेट में है। अधिकारियों ने बताया कि दो चिकित्सा दल सुबह 9:54 बजे घटनास्थल पर भेजे गए और वे सुबह 10:05 बजे वहां पहुंचे। प्रत्येक दल में दो डॉक्टर और छह पैरामेडिकल कर्मी शामिल थे। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग होटल के भूतल पर स्थित एक रेस्तरां से शुरू हुई। आग पर काबू पा लिया गया और दोपहर 12 बजे तक खोज एवं बचाव कार्य पूरा कर लिया गया। प्रशासन फिलहाल घटना के कारणों की जांच कर रहा है। दिल्ली के गृह मंत्री आशीष सूद ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह जांच कर रहे हैं कि क्या इमारत के पास दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) से वैध अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) था, और क्या इसे रेस्तरां चलाने के लिए आवश्यक अनुमति थी। उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), डीएफएस और बिजली एवं जल विभागों सहित सभी संबंधित एजेंसियों को दक्षिण दिल्ली के डीएम की देखरेख में क्षेत्र में निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

### एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

लगी भीषण आग में जान गंवाने वाले विवेक अग्रवाल के आखिरी शब्द थे, ''भाई, शायद हम बच न पाएं।'' यह बात उनके करीबी रिश्तेदार पुनीत गुप्ता ने बताई। गुप्ता ने इस घटना में अपने परिवार के आठ सदस्यों को खो दिया। आग लगने की घटना में बुधवार को कुल 21 लोगों की जान चली गई। गुप्ता ने अपनी आखिरी बातचीत का जिक्र करते हुए बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर-46 के चार्टर्ड अकाउंटेंट विवेक ने आग लगने के दौरान उन्हें फोन किया था। उन्होंने बताया, मैंने उनसे कहा कि वह एक रुमाल गीला करके अपना चेहरा उससे ढक लें, लेकिन उससे भी कोई फायदा नहीं हुआ। अब वह दुनिया से चले गए हैं।

### होटल में अवैध रूप से बनाई गई थी कई मंजिल

मालवीय नगर में बुधवार को जिस होटल में आग लगने से कम से कम 21 लोगों की मौत हुई, उसमें निर्धारित क्षमता से करीब चार गुना ज्यादा लोगों को ठहराया जा रहा था और उसके पास जरूरी अग्नि सुरक्षा मंजूरी भी नहीं थी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों को सूचित किए बिना ही इमारत में अतिरिक्त मंजिलों का निर्माण किया गया था।

# डीके शिवकुमार ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली




**बेंगलुरु:** कांग्रेस नेता डी. के. शिवकुमार ने बुधवार कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने शिवकुमार को लोक भवन के 'ग्लास हाउस' में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और कई अन्य नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही आठ बार के विधायक डी.के. शिवकुमार का वह वह सपना साकार हो गया, जिसके लिए उन्होंने लंबे समय तक राजनीतिक संघर्ष किया। शिवकुमार और सिद्धरमैया के बीच काफी समय तक चली खींचतान का अंत पिछले सप्ताह सिद्धरमैया के मुख्यमंत्री पद छोड़ने के साथ हुआ। सिद्धरमैया ने कांग्रेस आलाकमान के निर्देश के बाद बीते 28 मई को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था और उनके इस कदम से दक्षिण भारत में पार्टी के संकटमोचक माने जाने वाले शिवकुमार के लिए यह पद ग्रहण करने का रास्ता साफ हुआ।

## कर्नाटक के लोगों का कांग्रेस पर विश्वास ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी: राहुल

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और नये मंत्रिपरिषद को बधाई देते हुए कहा कि पार्टी (कांग्रेस) में लोगों का विश्वास ही उसकी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की 'गारंटी' शासन और सामाजिक न्याय के प्रति प्रतिबद्धता की नींव बनी हुई है तथा इन 'गारंटी' को पूरा किया जाएगा। राहुल गांधी ने पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया को उनके नेतृत्व और सेवा के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार ने 'कर्नाटक को मजबूत किया और लाखों लोगों के जीवन में सुधार किया।' उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'कर्नाटक के लोगों ने हम पर भरोसा किया और वह भरोसा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री डी के शिवकुमार जी और मंत्रिपरिषद को हार्दिक बधाई, जो कर्नाटक के लोगों की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाएंगे।''

## नेपाल की सत्तारूढ़ पार्टी के प्रमुख रवि लामिछाने ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**नयी दिल्ली :** नेपाल की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के अध्यक्ष रवि लामिछाने ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने नेपाल को भारत का प्राथमिकता वाला साझेदार बताते हुए कहा कि नयी दिल्ली देश की नयी सरकार के साथ सहयोग करने के लिए उत्सुक है। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लामिछाने से मुलाकात करके उन्हें प्रसन्नता हुई। उन्होंने कहा, ''मैं साझा और समृद्ध भविष्य के लिए मिलकर काम करने की उनकी इच्छा का स्वागत करता हूं और उससे पूरी तरह सहमत हूं। नेपाल हमारी 'पड़ोसी



पहले' नीति के तहत एक प्राथमिकता वाला साझेदार है और हम दोनों देशों के बीच विशेष और बहुआयामी संबंधों को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए नयी सरकार के साथ सहयोग करने के लिए तत्पर हैं।'' लामिछाने के नेतृत्व में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन के निमंत्रण पर भारत की यात्रा पर है। यह प्रतिनिधिमंडल सोमवार दोपहर नयी दिल्ली पहुंचा था।

## राष्ट्रपति मुर्मू से मिले हिमंत विश्व शर्मा, असम के विकास और जनकल्याण कार्यक्रमों की दी

**नयी दिल्ली/गुवाहाटी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुधवार को द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए कहा, 'असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की।' शर्मा ने कहा कि दूसरी बार मुख्यमंत्री पद संभालने के बाद उन्होंने राष्ट्रपति को असम के विकास की वर्तमान दिशा और राज्य को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, 'मैंने राष्ट्रपति महोदया को देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे राज्यों में से एक के रूप में असम की प्रगति और इस विकास गति को



आगे बढ़ाने के लिए हमारी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।' मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपति की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व साहस, धैर्य और नेतृत्व का प्रतीक है तथा उनसे मुलाकात हमेशा प्रेरणादायक रहती है। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति महोदया के शब्द हमें जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।' शर्मा ने बताया कि उन्होंने राज्य में जनकल्याण और विकास की यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए राष्ट्रपति से आशीर्वाद और मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। गौरतलब है कि हिमंत विश्व शर्मा ने 12 मई को लगातार दूसरी बार असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

## लगभग 44,000 छात्रों ने पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन दाखिल किया: सीबीएसई

**नयी दिल्ली:** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बताया कि बुधवार तक लगभग 44,000 छात्रों ने सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन सुविधा का लाभ उठाया है तथा बिना किसी समस्या के आवेदन प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। बोर्ड ने कहा कि ऑनलाइन पोर्टल पर उत्तर पु-स्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए कुल 43,980 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बोर्ड ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पोर्टल पर सत्यापन के लिए 4,924 और पुनर्मूल्यांकन के लिए 39,056 आ-वेदन स्वीकार किए गए हैं। आज दोपहर 12 बजे तक कुल 43,980 आवेदन मिले हैं। बोर्ड ने बताया कि



सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन पोर्टल पर भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और इंडियन बैंक के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। छात्रों को भुगतान करने के लिए इन बैंकों में खाता होना आवश्यक नहीं है। सीबीएसई ने कहा, ''छात्रों को इन बैंकों में खाता रखने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन वे भुगतान करने के लिए इनमें से किसी भी भुगतान माध्यम का उपयोग कर सकते हैं।'' बोर्ड ने कहा, आज सुबह साढ़े नौ बजे तक 40 हजार छात्रों ने इस सुविधा का लाभ उठाया और बिना किसी परेशानी के सत्यापन व पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी की। बोर्ड के अनुसार, अभ्यर्थी निर्धारित भुगतान माध्यम के जरिए यूपीआई, नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड जैसी ऑनलाइन भुगतान सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं। सीबीएसई ने कहा, 'सही जानकारी के लिए केवल सीबीएसई की आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें।' यह पोर्टल देरी से शुरू किया गया।

## मान सरकार की उलटी गिनती शुरू हो गई है, आम आदमी पार्टी 2027 में सत्ता से बाहर हो जाएगी: भाजपा

**चंडीगढ़:** भाजपा नेताओं ने बुधवार को कहा कि 2027 में पंजाब में होने वाले चुनावों में भगवंत मान की सरकार सत्ता से बेदखल हो जाएगी। भाजपा नेता तरुण चुघ ने कहा कि ''अप्रभावी'' आम आदमी पार्टी की राज्य की सत्ता से विदाई की उलटी गिनती शुरू हो गई है। ये टिप्पणियां केवल सिंह ढिल्लों द्वारा बुधवार को भाजपा की पंजाब इकाई के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करने के बाद आईं। इस अवसर पर पार्टी मुख्यालय में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव चुघ, केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील जाखड़ समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित थे।

## उत्तराखंड : सूझबूझ से 34 यात्रियों की जान बचाने वाले बस चालक की पहिये से कुचलकर मौत



**चंपावत:** उत्तराखंड के चंपावत जिले में बुधवार को एक चालक ने अपनी सूझबूझ से रोडवेज बस में सवार 34 यात्रियों की जान बचा ली, लेकिन वह खुद वाहन के अगले पहिये के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उत्तराखंड परिवहन निगम के क्षेत्रीय मंडल टनकपुर के सहायक मंडलीय प्रबंधक सुरेश पांडे ने बताया कि घटना सुबह 10 बजे बारहमासी सड़क पर हुई, जब धारचूला से टनकपुर जा रही बस के ब्रेक चंपावत से 18 किलोमीटर पहले मरोड़ाखान के पास ढलान पर अचानक खराब हो गए। पांडे के मुताबिक, बस में सवार 34 यात्रियों की जान बचाने के मकसद से चालक ने वाहन को रोकने के लिए उसे दाहिनी ओर पहाड़ी से टकरा दिया। उन्होंने बताया कि हालांकि इस दौरान चालक खुद छिटककर बस के अगले पहिये के नीचे आ गया, जिससे कुचलकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पांडे के अनुसार, मृतक चालक की पहचान चंपावत के बडोली क्षेत्र निवासी बेनीराम थ्वाल (49) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि घटना में एक महिला को हल्की चोट आई, जबकि बाकी सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं।

# मोदी सरकार ने लिए ताबड़तोड़ फैसले, 6 प्रोजेक्टों को हरी झंडी, 39,290 करोड़ होंगे खर्च

## विमान ईंधन के दाम स्थिर बनाए रखने के लिए 10,000 रुपये का कोष, एयरलाइन कंपनियों को मिलेगी राहत



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने 30,290 करोड़ रुपये की अहम विकास पहलों की घोषणा की। इसमें एविएशन टर्बाइन फ्यूल , कमर्शियल वाहनों को बदलने और हाईवे प्रोजेक्ट्स पर खास जोर दिया गया है। सरकार ने ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के लिए 10,000 करोड़ रुपये की एकमुश्त बजटीय सहायता मंजूर की है ताकि वे शेड्यूल की गई भारतीय एयरलाइंस को उनके घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ऑपरेशन्स के लिए एटीएफ की कीमतों को स्थिर रखने में मदद कर सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह बजटीय सहायता पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की 'डिमांड्स फॉर ग्रांट्स' के जरिए ओएमसी को ब्याज-मुक्त एडवांस रकम के रूप में दी जाएगी। सरकार ओएमसी को सहायता देगी ताकि पश्चिम एशिया संकट के कारण ईंधन की कीमतों में आ रहे भारी उतार-चढ़ाव के मौजूदा दौर में एयरलाइंस के लिए एटीएफ की कीमतें स्थिर बनी रहें।

### पुराने ट्रकों-बसों को बदलने के लिए सहायता - 5041 करोड़ रुपये

कैबिनेट ने एक ऐतिहासिक दो-वर्षीय योजना को मंजूरी दी है। इसका उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में वायु प्रदूषण को कम करना और स्वच्छ गतिशीलता (क्लीनर मोबिलिटी) को बढ़ावा देना है। इस योजना के लिए वित्तपोषण आवास और शहरी कार्य मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड के जरिये किया जाएगा। इसका कार्यान्वयन सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से किया जाएगा। इसे दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश जैसे सहभागी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग से लागू किया जाएगा। इस स्कीम पर 5041 करोड़ रुपये का खर्च होगा।

### नए कोस्टल हाईवे का निर्माण 8300.79 करोड़

कैबिनेट समिति ने आज ओडिशा में रामेश्वर से पारादीप तक एक नए तटीय राजमार्ग के निर्माण को मंजूरी दे दी है। यह निर्माण 'हाइब्रिड एन्युइटी मॉडल' के तहत दो पैकेजों में किया जाएगा। इसकी कुल लंबाई 160.18 किलोमीटर और कुल पूंजीगत लागत 8300.79 करोड़ रुपये होगी।

## कमज़ोर वैश्विक संकेतों के बीच सोना 1,850 रुपये टूटा, चांदी 1,500 रुपये सस्ती हुई

**नयी दिल्ली :** वैश्विक बाजारों में कमजोरी और अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम समझौते को लेकर अनिश्चितता के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमतें 1,850 रुपये टूटकर 1.59 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,850 रुपये या 1.14 प्रतिशत टूटकर 1,59,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो मंगलवार के बंद भाव 1,61,450 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है। चांदी की कीमतें भी 1,500 रुपये या 0.55 प्रतिशत टूटकर 2,69,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,71,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने कहा कि बुधवार को घरेलू बाजारों में सोने और चांदी की कीमतें गिर गईं, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है, जिससे लंबे समय तक ऊंची ब्याज दरें बने रहने की आशंका पैदा हो गई है, जिसका असर कीमती धातुओं पर पड़ा है।

## रुपया 40 पैसे की गिरावट के साथ 95.76 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) द्वारा श्रम उल्लंघनों का हवाला देते हुए भारतीय आयात पर 12.5 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने के प्रस्ताव के बाद बुधवार को रुपया 40 पैसे टूटकर 95.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर की मजबूत मांग, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, अमेरिका-ईरान के बीच तनाव और विदेशी कोषों की भारी निकासी ने भी निवेशकों के विश्वास को और कमजोर कर दिया है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.43 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान 95.80 के निचले स्तर पर रहा और कारोबार के अंत में 95.76 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 40 पैसे की भारी गिरावट है।

## आईटी शेयरों में बिकवाली और कच्चे तेल के दाम चढ़ने से सेंसेक्स 304 अंक टूटा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र की तेजी के बाद बुधवार को फिर गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी नुकसान में रहे। विश्लेषकों के अनुसार, आईटी शेयरों में भारी बिकवाली, कच्चे तेल की कीमत में फिर से तेजी और संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा।तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 303.67 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 74,346.17 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,157.24 अंक तक लुढ़क गया था।पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 77.95 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,405.60 अंक पर बंद हुआ।दोनों मानक सूचकांकों में मंगलवार को चार दिन की गिरावट के बाद लगभग आधा प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गयी थी।सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में 8.43 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। टेक महिंद्रा (6.23 प्रतिशत), एचसीएल टेक (5.25 प्रतिशत) और इन्फोसिस (3.82 प्रतिशत) भी नुकसान में रहीं। इसके अलावा आईटीसी, इटर्नल, लार्सन एंड टुब्रो और बजाज फाइनेंस में प्रमुख रूप से गिरावट आई।दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और ट्रेंट शामिल हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड तीन प्रतिशत बढ़कर 98.92 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

## धारा-301 जांच पर भारत-अमेरिका की बातचीत जारी, अंतरिम व्यापार समझौते पर भी चर्चा

**नयी दिल्ली :** भारत बंधुआ मजदूरी और अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता से संबंधित चिंताओं को लेकर धारा-301 की जांच के सिलसिले में अमेरिका के साथ संपर्क में है। सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी।भारत अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भी अमेरिका के साथ बातचीत कर रही है।अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) के कार्यालय ने 11-12 मार्च 2026 को बंधुआ मजदूरी और अतिरिक्त औद्योगिक क्षमता से जुड़े मुद्दों पर 60 देशों के खिलाफ धारा-301 के तहत जांच शुरू की थी।यूएसटीआर ने दो जून को बंधुआ मजदूरी से जुड़ी जांच के निष्कर्ष जारी करते हुए 60 देशों से आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है।इस प्रस्ताव में कनाडा, इक्वाडोर, यूरोपीय संघ, इंडोनेशिया, मैक्सिको और पाकिस्तान से आयात पर 10 प्रतिशत शुल्क जबकि भारत तथा चीन सहित 54 अन्य अर्थव्यवस्थ-ाओं पर 12.5 प्रतिशत शुल्क शामिल है। पाकिस्तान और इंडोनेशिया व्यापार के क्षेत्र में भारत के प्रतिस्पर्धी हैं।यह उपाय अभी प्रस्ताव के चरण में है और इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा, ''भारत धारा-301 कार्यवाही के मामले में अमेरिका के साथ संपर्क में है। साथ ही भारत दो फरवरी 2026 को घोषित समझौते के ढांचे और सात फरवरी 2026 को जारी संयुक्त बयान के अनुरूप अमेरिका के साथ समझौते को अंतिम रूप देने के लिए भी बातचीत कर रहा है।''

# सोना बेचने की खबरें गलत, भौतिक भंडार 880.52 टन पर स्थिर: आरबीआई




**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने सोने की बिक्री की खबरों को बुधवार को खारिज करते हुए कहा कि भौतिक स्वर्ण भंडार में कोई बदलाव नहीं हुआ है और यह 880.52 टन पर स्थिर बना हुआ है।आरबीआई ने उन खबरों के बाद यह स्पष्टीकरण जारी किया है जिनमें दावा किया गया था कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के प्रभाव से विदेशी मुद्रा भंडार की रक्षा के लिए केंद्रीय बैंक ने लगभग 12 अरब डॉलर मूल्य का सोना बेच दिया है।केंद्रीय बैंक ने बयान में कहा, ''आरबीआई जोर देकर कहता है कि ये खबरें सही नहीं हैं।''उसने आम जनता को सलाह दी कि ऐसे मामलों में समय-समय पर आरबीआई द्वारा जारी आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें।इस बीच, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने भी इन खबरों पर तथ्य आधारित जांच (फैक्ट-चेक) रिपोर्ट जारी की।आरबीआई के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी सितंबर, 2025 के अंत में 13.92 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 16.70 प्रतिशत और 22 मई, 2026 तक 16.85 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास 31 मार्च, 2026 तक कुल स्वर्ण भंडार 880.52 टन था, जो 31 मार्च, 2025 के 879.58 टन की तुलना में 0.94 टन अधिक है।आरबीआई की नवीनतम वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, 880.52 टन में से 312.32 टन सोना निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखा गया है जबकि 31 मार्च, 2025 को यह 311.38 टन था।शेष 568.20 टन (जो 31 मार्च 2025 के समान है) बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में दर्ज है।रिपोर्ट में कहा गया, ''बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने (स्वर्ण जमा सहित) का मूल्य 31 मार्च, 2025 के 4,31,624.80 करोड़ रुपये से बढ़कर 31 मार्च, 2026 को 7,06,162.36 करोड़ रुपये हो गया, जो 63.6 प्रतिशत की वृद्धि है।''

## ई85 ईंधन के किफायती, व्यापक उपयोग के लिए नीति पर विचार कर रही सरकार : पुरी



**नयी दिल्ली :** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को कहा कि सरकार ई85 ईंधन (85 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल) को तेजी से और किफायती रूप से अपनाने को बढ़ावा देने के लिए एक नीति पर विचार कर रही है।हीरो मोटोकॉर्प द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुरी ने कहा कि कंपनी द्वारा ई20 (20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल) से लेकर ई85 (85 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल) तक के ईंधन पर पूरी तरह से अनुकूल एथनॉल मिश्रित ईंधन से चलने वाली (फ्लेक्स-फ्यूल) मोटरसाइकिलों का अनावरण भारत के ऊर्जा इतिहास में एक नया अध्याय है।उन्होंने कहा कि ई85 ईंधन सामान्य पेट्रोल की तुलना में काफी सस्ता होगा।पुरी ने कहा, हम ई85 ईंधन के तेजी से और किफायती अपनाने के लिए एक सहायक नीति पर सक्रिय रूप से विचार कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में दोपहिया वाहनों का सबसे बड़ा विनिर्माता है।मंत्री ने कहा कि यदि 2026-27 आपूर्ति वर्ष में ई85 का केवल एक प्रतिशत भी उपयोग होता है, तो चार करोड़ लीटर एथनॉल की मांग उत्पन्न होगी।उन्होंने कहा, तब हमारे किसान, जो अब अन्नदाता हैं, उर्जादाता बन जाएंगे।सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने वाहन उत्सर्जन नियमों में संशोधन का प्रस्ताव दिया है, ताकि उच्च एथनॉल मिश्रण और वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग का दायरा बढ़ाया जा सके।भारत पहले ही पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण (ई20) का लक्ष्य हासिल कर चुका है, जिससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम करने और कार्बन उत्सर्जन घटाने में मदद मिली है।

## भारत 2025 में विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बना: भूपेन्द्र यादव

**नयी दिल्ली :** पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को कहा कि भारत विश्व का दूसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा बाजार बनकर उभरा है और 2025 तक वार्षिक क्षमता वृद्धि के मामले में अमेरिका को पीछे छोड़ दिया है।उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''यह उपलब्धि देश की स्वच्छ ऊर्जा की तीव्र वृद्धि को बताती है, जो कुशल, विश्वसनीय और टिकाऊ सौर बुनियादी ढांचा सुनिश्चित करने में मददगार है।''यादव ने इसके साथ सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया। इस वीडियो के अनुसार, जहां 2014 में देश की सौर क्षमता 2.8 गीगावाट थी, वहीं आज यह 155 गीगावाट को पार कर गई है, जो 5,370 प्रतिशत की वृद्धि है।वीडियो में यह भी कहा गया है कि भारत ने 50 प्रतिशत से अधिक स्वच्छ ऊर्जा क्षमता स्थापित करने का लक्ष्य पार कर लिया है और अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी) लक्ष्यों को समय से पहले ही पूरा कर लिया है। एनडीसी गैर-बाध्यकारी, स्वैच्छिक जलवायु कार्य योजनाएं हैं जिन्हें प्रत्येक देश को 2015 के पेरिस समझौते के तहत तय करना और लागू करना अनिवार्य है।




**वर्ष 11, पूर्णांक 3612 अंक 078 RNI No WBHIN/2016/66788**, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in